इब्रानियों, अध्याय छह 2

... उसके बहुमूल्य वचन का अध्ययन करने के लिए।

मैं थोड़ी देर पहले अंदर आया, और मैं दो बाईबल को लिए हुए था। और यहाँ एक महिला के साथ मेरा एक छोटा सा इंटरव्यू था, और मैं ने उस से कहा, यदि मैं उन दोनों में से प्रचार करता हूं, तो एक बहुत अच्छा मूल विषय होना चाहिए। लेकिन यह एक ग्रीक लेक्सिकॉन बाईबल है, इसलिए आज रात मैं इसमें से कुछ पढ़ना चाहता हूं। यह—यह एक... यह वचन है वचन अनुवाद के लिए, मूल ग्रीक से अंग्रेजी में, किया गया है। और यह क्रम के साथ मेरे लिए बहुत मददगार रहा है। और मैं इसमें से कुछ पढ़ना चाहता हूँ, क्योंकि अब हम इब्रानियों की इस किताब में से अध्यन कर रहे हैं, और हम अब वास्तविक गहराई के अर्थो पर आ रहे हैं।

219 और मैंने कुछ मिनट पहले भाई नेविल को बताया, “हम उस भाग में जा रहे हैं जहाँ लोग उनके सिर को खुजाते हैं और कहते हैं, ‘मैं ऐसा विश्वास नहीं करता।’” समझे? यही वह वर्ग है जिसमें हम जाने वाले हैं। यही है जहाँ हम इसे पसंद करते हैं।

220 किसी सेवक ने मुझसे कहा, उसने कहा, “तो ठीक है, मैं सोचता हूँ कि वहां बहुत सिर खुजाने वाले होगे।”

221 मैंने कहा, “यही है जिसे हम करना चाहते हैं।” देखा?

222 बाईबल का केवल एक ही अर्थ हो सकता है। इसके दो अर्थ नहीं हो सकते। और यदि बाईबल का एक भाग कुछ कहता है, और बाईबल का दूसरा भाग कुछ और कहता है, तो कुछ तो गलत है। समझे? इसी बात को सभी तरह से कहना है। लेकिन, याद रखें, बाईबल का अध्ययन करते समय, “वह ज्ञानियों और बुद्धिमानों की आंखों से छिपा है, और बालकों पर प्रगट होता है,” क्योंकि यह एक आत्मिक किताब से है।

223 और यह कोई पश्चिमी किताब नहीं है। यह एक पूर्वी किताब है। और केवल एक ही बात इसका अनुवाद कर सकती है, और वह है पवित्र आत्मा। मैं जानता हूँ कि हम में से हर एक जन चाहता है, कि, “पवित्र आत्मा हमें बता रहा है जो हम इसमें विश्वास करते हैं।” तो ठीक है, अब, यदि हर एक वचन बिल्कुल क्रम में एक समान है, तो यह पवित्र आत्मा है। यदि यह

व्यवस्थित नहीं होता है, और *यहाँ* एक अन्तर है, और *यहाँ* पर अन्तर है, तो हमारे विश्वास में कुछ तो गड़बड़ है। और, ओह, यह एक अद्भुत किताब है।

224 अब, मैं आपसे चाहता हूँ कि आप ऐसा करें जब हम अध्ययन कर रहे हों। अब, हमें आज सुबह व्योमिंग के लिए जल्दी निकलना होगा, प्रभु ने चाहा तो। हमारे लिए प्रार्थना करना।

और इस अगले सप्ताह, भाई ग्राहम स्नेलिंग, यहाँ... वह यहाँ मौजूद है। मैंने उन्हें सुना है, कुछ ही मिनट पहले उनकी घोषणा कर रहे थे। और यह कलीसिया उनके बेदारी के साथ पूर्ण सहयोग में है। और हम परमेश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि उन्हें एक बहुत बड़ी, बहुतायत, महान बेदारी दें। भाई ग्राहम ने भाई के लिए एक बेदारी का आयोजन किया... यहाँ ऊपर चार्ल्सटाउन में, भाई जूनियर कैश, और ये वहां ठीक सौ परिवर्तित लोगों पर था, मैं सोचता हूँ। [कोई कहता है, "चौरासी।"—सम्पा।] चौरासी लोग परिवर्तित हुए। तो, उसके लिए, हम परमेश्वर को स्तुति देते हैं। और हम भरोसा करते है कि यहाँ इसके ऊपर पाँच सौ चौरासी होंगे, यहाँ इस स्थान पर।

225 भाई ग्राहम ने आज मुझसे मुलाकात की, और उन्होंने कहा, "अब, भाई बिल, मुझे यकीन है कि आप समझते होंगे कि मैं यहाँ आराधनालय के विरुद्ध कोई दूसरा काम शुरू करने के लिए नहीं हूँ, क्योंकि मैं आराधनालय का भाग हूँ।" वह बस यहाँ है... वो अपने ह्रदय में महसूस करते है कि वह एक बेदारी को रखना चाहते है, और प्रभु उन्हें करने के लिए अगुवाही कर रहा है। और—और वह परिवर्तित लोगो को आमंत्रित करते है, और उनकी एक कलीसिया है, ताकि उन्हें ठीक वहां प्रवाहित करे, "यहां एक कलीसिया भवन है, यदि आप अंदर आते हैं, तो परिवर्तित हो जाओ।"

226 और यह हमारा कर्तव्य है, एक मसीही के नाई, हम जो कुछ भी उनके साथ समर्थन कर सकते हैं वो करें। और प्रभु भाई ग्राहम को आशीष दें। और आप हर एक जन, भाई ग्राहम की यहां होने वाली सभा में सादर आमंत्रित हैं, इस कलीसिया से पूर्ण अनुमति के साथ, हम किसी भी तरह से उनकी सहायता करने के लिए पूर्ण सहयोग के साथ है, खोये हुए प्राणों के लिए और परमेश्वर के राज्य के लिए।

227 प्रभु आपको आशीष दे, भाई ग्राहम, आपको एक महान सभाये दें। वो नहीं जानते कि वह कब समाप्त करेंगे। वो अभी शुरू कर रहे है। और सो, भाई ग्राहम के साथ ऐसा मेरी तरह ही है, बहुत से *उतार* और *चढ़ाव*। इसी तरह से जीवन चलता है। ये आपके *उतार* से होकर गुजरने के बाद आपके *चढ़ाव* की सराहना करता है। यदि कोई मनुष्य गिरता है और वहां पड़ा रहता है, तो वह कायर है। मुझे आत्मविश्वास मिलता है जब एक मनुष्य उठकर और फिर से कोशिश करेगा। यह सही बात है। मुझे यकीन है इसकी व्याख्या कर सकते हैं कि मेरा क्या मतलब है। अब, इसे मत भूलना, इस आने वाला सप्ताह को।

228 अब, इब्रानियों की इस किताब में, हम आज रात बुनियाद को नहीं लेंगे।

229 अब, अगले रविवार, प्रभु ने चाहा तो, भाई नेविल घोषणा करेंगे। यहाँ पर भाई कॉक्स या उनमें से कोई, यदि हम अगले रविवार की सभा के लिए समय पर पहुँचते हैं तो उन्हें बतायेगे। वो इसकी घोषणा रेडियो पर करेंगे। और थे... अब आप सब उनका रेडियो सुनें, और—और—और अपने सभी आस-पड़ोस को सुनने के लिए आमंत्रित करें। मुझे उनके प्रचार और गायन को सुनकर वास्तव में आनंद मिलता है, नेविल चारों का गुट है। मैं ऐसा इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि वह यहां बैठे हुए है। यदि मैंने ऐसा कहा, और मेरे हृदय में इसका मतलब ऐसा नहीं था, तो मैं एक ढोगी हूँ। यह सही बात है। मुझे पश्चाताप करना होगा। लेकिन ये मेरा तात्पर्य है। और उनके जाने के बाद मैं उन्हें एक पूरी पुष्पांजलि देने के बजाय अभी एक छोटी सी गुलाब की कली देना पसंद करूंगा।

230 एक बार मैं वहाँ द्वार से बाहर जा रहा था, और एक स्त्री वहां आ रही थी, और उसने कहा, "भाई ब्रन्हम, ओह, मैने उस संदेश का बहुत आनंद लिया!"

231 मैंने कहा, "धन्यवाद।" इससे मुझे अच्छा महसूस हुआ।

232 कोई और आया, कहा, "भाई ब्रन्हम, मैंने उस संदेश का आनंद लिया।"

233 मैंने कहा, "धन्यवाद।"

234 वहाँ एक छोटा सा प्रचारक था, यहाँ ऊपर से जो देश के उत्तरी भाग में, राज्य में है, उसने कहा, "परमेश्वर धन्य हो, मैं नहीं चाहता कि लोग मेरी इस तरह से बढाई करे।"

235 मैंने कहा, “मैं तो चाहता हूँ।” और मैंने कहा, “मुझमें और आपमें बस एक ही अंतर है। मैं इसके बारे में ईमानदार हूं।” यह सही बात है। हम सभी हमारे बारे में बोले गए अच्छे शब्द सुनना पसंद करते है। और मैं—मैं सोचता हूँ कि इसके बारे में अच्छे शब्द कहना अच्छा है। और यदि आप चाहते हैं कि कोई आपके बारे में अच्छे शब्द कहे, तो किसी और के बारे में कुछ अच्छे शब्द कहें। इसे करने का यही तरीका है, तब आप हमेशा ही हर किसी के बारे में सबसे अच्छी बातें कहें। और यह पहिये के घुमाव को बेहतर बनाता है।

236 अब, इसमें, अगले रविवार, प्रभु ने चाहा तो, मेरी राय में, हम परमेश्वर के इन महान रहस्यों के अंदर और गहराई और गहराई में चलते जा रहे हैं। हम मलकिसिदिक के अंदर जा रहे हैं: वह कौन था, वह कहाँ से आया था, वह कहाँ चला गया, उसका क्या हुआ, और मलिकिसिदक के बारे में सब कुछ।

237 और अब, पिछले बुधवार की रात, भाई नेविल ने इसे लिया था हमारे प्रभु यीशु की सर्वोच्च दैविकता और याजकपद का अंतिम अध्याय था, जो शुरुआत में प्रारम्भ करता है, “परमेश्वर, विविध समयों और भिन्न-भिन्न रीति से भविष्यद्वक्ताओं के द्वारा पूर्व पिताओं से बात की, इस अन्तिम दिन में हम से अपने पुत्र मसीह यीशु के द्वारा बातें की हैं।”

238 फिर वह आगे बढ़ता है, और बताने लगता है कि वह कौन था, 5वें अध्याय के अंत में, उसे 5वें अध्याय में लाता है।

239 फिर 6ठे अध्याय से शुरू करते हुए, हमने इसे आज सुबह हमारे विषय में लिया।

> *इसलिये आओ मसीह की शिक्षा की आरम्भ की बातों को छोड़ कर, हम सिद्धता की ओर आगे बढ़ते जाएं;...*

240 कितने लोगों ने सिद्धता पर संदेश का आनंद लिया? [सभा कहती है, “आमीन।”—सम्पा।] “आओ हम सिद्धता की ओर आगे बढे।” आज सुबह यही हमारा संदेश था, इब्रानियों के 6ठे अध्याय में।

241 अब हम बस उस स्थान पर को आ रहे हैं जहाँ से हम उस—उस मुख्य भाग को लेना आरंभ करेंगे। ओह, हम सब इन बातों पर सहमत हो सकते हैं: मसीह के दैविकता पर; और वो परमेश्वर का पुत्र होने पर; और किस तरह से वह परमेश्वर के साथ था, और परमेश्वर उसके साथ था;

और वह परमेश्वर में था, और परमेश्वर उस में, इत्यादि। हम सब उस पर सहमत हैं। लेकिन, अब, यहाँ से आगे, मैं नहीं जानता कि हम कैसे सहमत होंगे। तो जो भी हो, हर एक कुछ रातों में, हम आपको मौका देंगे कि एक छोटा सा नोट या कुछ शब्द मुझे लिखे और मुझे बताये कि आप इसके बारे में क्या सोचते हैं।

242 उसके बाद मैं सवालों के जवाब को दूंगा। और यदि मैं उन्हें नहीं ले सकता हूँ, तो मैं कहूंगा, "भाई नेविल, आप इसके बारे में क्या सोचते हैं? " मैं कहूंगा, "वहां है वो। उन्हें इसका उत्तर देंने दो।" [भाई नेविल कहते हैं, "यही है जब मैं यूनानी पढूंगा।"—सम्पा।] फिर जब वो शब्दकोष से पढेंगे, तो यूनानी को लेंगे। मैं सोचता हूँ कि मेरे लिए भी ऐसा करने का समय है।

243 लेकिन, अब, यदि हम आगे जाते है और वास्तव में ईमानदार बने, और सचमुच में एक उद्देश्य के लिए आये, वह है, सीखना। मैं भी सीखना चाहता हूं। और बाईबल लिखी हुई है, कहती है, "ऐसा है... वचनों का कोई निजी अनुवाद नहीं है।" इसका अर्थ है कि अवश्य ही वचनों को वचनों का अनुवाद करना चाहिए। देखा? प्रत्येक वचन को अवश्य ही दूसरे वचन का अनुवाद करना चाहिए, पूरी तरह से बाईबल में से होते हुए, ताकि इसे एक महान बात बनाये। क्योंकि, परमेश्वर बदल नहीं सकता है, क्योंकि वह ना बदलने वाला परमेश्वर है।

244 अब, "छोड़ते हुए... "

> *इसलिये आओ मसीह की शिक्षा की आरम्भ की बातों को छोड़ कर, हम सिद्धता की ओर आगे बढ़ते जाएं;...*

245 मुझे पसंद है जो पौलुस उन बातों को कह रहा है। पौलुस कभी भी ऐसा व्यक्ति नहीं था जो एक ही स्थान पर बहुत देर तक रहना पसंद करता हो। उसे आगे बढ़ना पसंद था, और गहराई में। एक बार, वचन में, उसने कहा, "मैं उन बातों को भूल रहा हूँ जो बीत चुकी हैं, मैं ऊँची बुलावट के निशाने की ओर आगे बढ़ रहा हूं।" देखा? वह आगे बढ़ता जा रहा था।

246 यहाँ उसने कहा:

> अब *मसीह के सिद्धांत की शिक्षा की बातों को* भूलकर (वह कौन था, वह क्या था), *आओ हम सिद्धता* की ओर *आगे बढे;...*

247 अब हम, पहले, हम यह देखना चाहते थे, "क्या हम *सिद्ध* हो सकते हैं? " और हमने आज सुबह वचन में पाया, मत्ती 5:28, कि यीशु ने कहा

कि हम “जैसे परमेश्वर सिद्ध है वैसे ही हमें सिद्ध होना है,” या तो हम अंदर नहीं जा पाएंगे।

248 तब हमने पाया कि हम हर एक जन, “पाप में जन्मे, अधर्म में आकार लिया, झूठ बोलते हुए संसार में आये।” और हमारे बारे में एक भी अच्छी चीज नहीं दिखाई देती, तो हम भला कैसे कभी सिद्ध हो सकते है?

249 अब उसके बाद यहाँ है जो हम पाते हैं, फिर, पढ़ते हुए, वचन को वचन के साथ लेते हुए, कि, “यीशु, उस एक बलिदान के द्वारा, हमेशा के लिए, उसकी कलीसिया को सिद्ध करता है।” वह... तब हम मसीह में से होते हुए सिद्ध होते हैं। और हम मसीह में से होते हुए न्याय से आजाद हैं। हम मसीह में से होते हुए कभी भी नहीं मरेंगे। हम मृत्यु को खो चुके है और मसीह में से होते हुए जीवन को पाया है; ना ही किसी कलीसिया में से होते हुए, ना ही किसी सम्प्रदाय में से होते हुए, ना किसी चमत्कार में से होते हुए, न किसी अन्य जुबान में से होते हुए, ना ही चिल्लाने के जरिये से, ना ही कांपने के जरिये से, ना ही आत्मा में नाचने से, लेकिन अनुग्रह में से होते हुए।

250 परमेश्वर उसे बुलाता है जिसे वह चाहेगा। और यह सब चुनाव के द्वारा है, हम ये पाते हैं। हम देखते है कि, “यह वह नहीं है जो बचना चाहता है। ना ही वह जो चाहता है, और ना वह जो दौडता है; यह तो परमेश्वर है जो दया को दिखाता है।” “और कोई भी मनुष्य यीशु के पास नहीं आ सकता जब तक कि परमेश्वर उसे पहले न खींचे।” तो वैसे भी आपको इससे क्या लेना–देना है? आपको इससे कोई लेना–देना नहीं है। आप कुल मिलाकर तस्वीर से बाहर हैं।

251 हमने देखा है कि मनुष्य कभी भी परमेश्वर की खोज नहीं करता है। यह तो परमेश्वर है जो मनुष्य के पीछे जाता है। और तब हम देखते है कि परमेश्वर ही अनन्त जीवन का एकमात्र स्रोत है। हम देखते है कि जो कुछ भी अनंत है उसका कोई आदि या अंत नहीं होता है। इसलिए, हम पाते हैं कि नरक का आरंभ था, और इसका एक अंत है। और वहां केवल... कोई कभी नहीं कह सकता कि नर्क सदा के लिए होता है; बहुत अधिक समय, हाँ, बहुत अधिक समय के लिए, लेकिन अनंत नहीं होता है।

252 *बहुत अधिक समय* “समय की एक अवधी,” होता है। बाईबल कहती है, “बहुत अधिक समय और बहुत अधिक समय के लिए।” और आप इसे

देखें और पता लगाए कि क्या *सदा के लिए* इसका मतलब “समय की एक अवधी” नहीं है। योना ने कहा कि वह व्हेल मछली के पेट में “बहुत अधिक समय के लिए” था। और बहुत से अन्य वचन, *बहुत अधिक समय* के लिए का मतलब “समय की एक अवधी” बताते है।

253 लेकिन, *अनंत*, यह “सदा के लिए” होता है; वह सदा और सदा के लिए और सदा के लिए और सदा के लिए और सदा के लिए है। यह अनंत है। और हम पाते हैं कि नरक अनंत नहीं होता है, लेकिन यह बहुत अधिक समय के लिए है। और वो कारण, अब आपको उन शब्दों को ध्यान देना होगा। यदि आप नहीं देते हैं, तो आप उलझ जाते हैं। अब, याद रहे, जिन बातों का कोई आदि नहीं था, कोई अंत नहीं है। इसलिए, यीशु ने कहा, “वह जो मेरे वचनों को सुनता है और उस पर विश्वास करता है जिसने मुझे भेजा है, उसके पास जीवन है,” अधिक समय के लिए? क्या यह सही दिखाई पडता है? नहीं। “उसके पास अनन्त जीवन है।” और *अनंत* शब्द “परमेश्वर” है। वो शब्द, यहाँ यह ठीक यूनानी शबदकोष में है: *ज़ोई*, “परमेश्वर का जीवन” आप में। और आप उतने ही अनंत हो जितना परमेश्वर अनंत है, क्योंकि आपके अंदर परमेश्वर है।

254 आपका पुराना स्वभाव मर गया, जो संसार का स्वभाव है, और आप एक नई सृष्टि बन गए हो। और आपकी इच्छाए, वो पुराना जीवन जिसका आरंभ तब हुआ जब परमेश्वर ने आपके नथुनों में साँस फूंकी, जब आप जन्मे थे, तो शारीरिक प्रकृति का जीवन मर गया। और इसका एक आरंभ था और इसका अंत था, और यह मर गया और हमेशा के लिए मिटा दिया गया, वो पुराना स्वभाव। और परमेश्वर नये स्वभाव के साथ आया। फिर, प्रेम, आनन्द, शांति, सहनशीलता, दयालुता, शान्ति, धीरज, और नम्रता, और कृपा, यह अंदर आये; और द्वेष, और क्रोध, और घृणा, और—और प्रतिस्पर्धी, बैर, और उन सभी चीजों की जगह को ले लिया। इसने इसकी जगह को ले लिया, जब आप मृत्यु से जीवन में प्रवेश कर जाते है। क्या आपने अब नजदीक से समझ लिया? [सभा कहती है, “आमीन।”—सम्पा।]

255 तो सुनना। अनन्त जीवन का केवल एक ही रूप है। इसे ढूंढे। अर्थात्, केवल परमेश्वर के पास ही अनन्त जीवन है। बाईबल ऐसा कहता है। केवल परमेश्वर के पास ही अनन्त जीवन है। और यदि एक मनुष्य को सदा के लिए

नरक में पीड़ा सहना है, तो उसके पास परमेश्‍वर, अनंतता होना चाहिए। लेकिन मैं कहता हूं कि वहां...

256 अब, याद रखना, मैं यह नहीं कहता हूँ कि कोई जलता हुआ नरक नहीं है। वहां एक जलता हुआ नरक, आग और गंधक है। "जहां वो—वो कीड़ा... आग नहीं बुझती है और कीड़ा कभी नहीं मरता," उस आग और गंधक का, एक दंड। यह हो सकता है सौ अरब वर्षों तक चले। लेकिन इसका एक अंत होना ही है, क्योंकि नरक शैतान और उसके दूतों के लिए बनाया गया था। और यह हर एक चीज जो स्वयं वही परमेश्‍वर है, जो आरम्भ में था, हर एक चीज परमेश्वर से आती है। जब वही आत्मा...

257 केवल प्रेम की *आत्मा* को ले लो, वो परमेश्‍वर का महान झरना था, शुद्ध, बिना मिलावट का। उसमें से, ये *दूषित हुए* प्रेम में आ गया। उसके बाद यह *मानव* प्रेम में आया। उसके बाद यह *कामुक* प्रेम में आया। उसके बाद यह दुसरे प्रेमो में आ गया, प्रेमो और प्रेमो में, और बस आगे इतना दूषित होता चला गया जब तक कि यह बस *गंदगी* नही बन गया। लेकिन उन सभी चीजों की शुरुआत हुई थी। और किसी दिन यह सीधे मूल पर वापस आ जाएगा; यह अनंत है; जहां वासना, मानव प्रेम, भावुक प्रेम, उन सभी प्रेमों को समाप्त होना है।

258 विश्‍वास के ये सभी बनावटी विश्‍वास को समाप्त होना है। वहां एक ही सच्चा विश्‍वास है। अन्य सभी को समाप्त होना है। वे इस सच्चे झरने से दूषित हुयी बातें है।

259 तो, इसलिए, नरक, पीड़ा में जाना, पीड़ा में जाना अनंत नहीं है। पाप के वजह से पीड़ा आई थी, और पाप ने पीड़ा का परिचय कराया। और जब पाप समाप्त हो जाता है, तो पीड़ा को भी समाप्त होना होगा। और वहां एक समय आएगा जब पापी लोग, जिसने कभी भी मसीह को स्वीकार नहीं किया, उन्हें दंड मिलने के बाद हो सकता है सौ अरब वर्ष के लिए हो,... मैं नहीं जानता, हो सकता है दस सौ मिलियन अरब वर्ष के लिए हो। मैं नहीं कह सकता। लेकिन इसे कभी न कभी तो खत्म होना ही है, क्योंकि यह अनंत नहीं है।

260 अब, हम अब सिद्धता की ओर बढ़ने जा रहे हैं। अब सुनना, जब हम सन्देश में प्रवेश करते हैं।

... ना ही मरे हुए कामों से से मन फिराने की नींव फिर न डाले, और परमेश्वर के प्रति *विश्वास करने।*

और बपतिस्मों और,... हाथ रखने, और मरे हुओं के... जी उठने, और... अनंत न्याय की शिक्षारूपी नेव, फिर से न डालें।

261 अब सुनना। हमारे पास दो... अब हमारे पास यहां एक तस्वीर है। अब ठीक यहाँ पर है जहाँ हमें कुछ बड़ी असहमति मिलने वाली है। अब आपको देखना है कि तस्वीर कहां पर है। पौलुस यहाँ, *व्यवस्था* को *अनुग्रह* से अलग करने का प्रयास कर रहा है। हमारे पास दो तस्वीर हैं: एक है शारीरिक; एक है, आत्मिक। और पौलुस कोशिश कर रहा है कि—कि दो के बीच विचलित करे ताकि यहूदियों को इसे दिखा सके। यह पत्री इब्रानियों के लिए है। और सारे इब्रानी पुराने नियम की प्रतिछाया को दिखाने की कोशिश कर रहे हैं नये नियम के नमूने को लेते हुए। तो, आपके पास यहाँ विचार करने के तहत दो तस्वीरें हैं।

262 अब ध्यान से सुनना जब हम पढ़ते हैं। अब उसने कहा:

... मसीह की शिक्षा की आरम्भ की बातों को छोड़ कर, हम सिद्धता की ओर आगे बढ़ते जाएं;...

263 अब, हमने आज सुबह इसे लिया, कि हम कैसे सिद्ध होते हैं। सिद्ध होना, पूरी तरह से बिना दाग और निर्दोष, हम पर एक भी पाप नहीं। क्या आप अभिलाषा से ऊपर हैं? कभी नहीं। क्या आप हर रोज पाप करते हैं? जी हाँ, श्रीमान। लेकिन, फिर भी, हम सिद्ध हैं क्योंकि हम उसमें हैं। और परमेश्वर हमारा अब और न्याय नहीं कर सकता किसी से भी नहीं (धर्मी का नहीं हो सकता), उसने पहले से उसमें हमारा न्याय किया है। जब उसने मसीह का न्याय किया, तो उसने मेरा न्याय किया, उसने आपका न्याय किया। और वह फिर से मेरा न्याय नहीं कर सकता, क्योंकि उसने मेरे न्याय को ले लिया यदि मुझे छुड़ाया गया है तो।

264 और मेरे पास एक टिकट या रसीद है यह दिखाने के लिए कि मैंने गिरवी की दुकान से अपनी घड़ी को छुड़ा लिया है, इसे एक बार किसी को तो गिरवी की दुकान में वापस लेने की कोशिश करने दो जब कि मेरे पास रसीद है। मैंने इसे छुड़ा लिया है।

और यदि शैतान मुझ पर दंड लगाने की कोशिश करेगा, तो मेरे पास एक टिकट या रसीद है जो दिखाती है कि मुझे छुड़ाया गया है। जी हाँ,

श्रीमान। अब कोई न्याय नहीं! "वो जो मेरे वचनों को सुनता है, और उस पर विश्वास करता है जिसने मुझे भेजा है, उसके पास अनन्त जीवन है, और वह कभी भी न्याय के लिए नहीं आएगा, लेकिन मृत्यु से जीवन में प्रवेश कर चूका है।" यही मेरी टिकट या रसीद है। उसने प्रतिज्ञा को दिया है।

265 अब, अब यहाँ तस्वीर है।

> *... ना मरे हुए कामों से पश्चाताप करने की नीव को फिर न डाले, और... परमेश्वर के* प्रति *विश्वास,*
>
> *... बपतिस्में की शिक्षा,... और हाथ रखने,... और मरे हुओं के जी उठने,... और अनंत न्याय की शिक्षारूपी नेव, फिर से न डालें।*

266 अब, याद रखना। क्या आपने देखा कि उस शब्द को फिर से इस्तेमाल किया गया है? हमने आज सुबह इसका उपयोग किया, "अनंत न्याय।" जब परमेश्वर एक बार बोलता हैं, तो यह अनंतता के लिए होता है। इसे जरा भी बदला नहीं जा सकता। इसलिए, न्याय अनंत है, यह हमेशा ही न्याय होता है। और कोई फर्क नहीं पड़ता हम किसी भी पीढ़ी में क्यों न रह रहे हों, एक पीढ़ी जीवित रहेगी, और एक व्यवस्था जीवित रहेगी, और यह हमेशा के लिए है, या हर किसी समय के लिए है, और *यह* और *वह*। लेकिन परमेश्वर का न्याय अब भी अनंत है, उसे होना ही है, क्योंकि उसने वचन को बोला है। जब परमेश्वर एक वचन को बोलता है, तो उसे अनंतता के लिए होना है। यह सही बात है।

267 अब मैं आपके लिए इसे यूनानी में से पढ़ता हूं। सुनना कि यह किस तरह से बताता है।

> *इसलिए मसीह के सिद्धांतों की शिक्षा की बातो को छोड़ते हुए—छोड़ते हुए, वो एक प्रायश्चिता, हमें आगे की ओर जोर—जोर देना चाहिए...*

अब, मैं इसे नहीं पढ़ सकता। यह धुंधला हो गया है। "और ना ही फिर से सीख... " यहाँ हम हैं।

> *...* ना ही *फिर से मृत्यु का कारण बनने वाले कार्यों से पुन: सुधार की शिक्षा को रखते हुए।*

268 अब, यह शब्दकोष बिल्कुल पूरी तरह से किसी का अनुवाद नहीं है। ये बस यूनानी शब्द है क्योंकि अंग्रेजी जो कहती है। और यह कहती है, "अब हम नहीं चाहते... " यहाँ सुनना, देखो।

... ना ही *फिर से मृत्यु का कारण बनने वाले कार्यों से पुन: सुधार की शिक्षा को रखते हुए।*

269 अब यदि आपके मन में यह बात आयेगी, कि वह यहाँ बोल रहा है, कि, "सुधार की शिक्षा मृत्यु का कारण बनती हैं।" पौलुस ने कहा, "सिद्धांतों को छोड़ते हुए, सिद्धता की ओर बढे, ना ही मरे हुए कामों से पश्चाताप करने की फिर से नींव को रखते हुए और परमेश्वर के प्रति विश्वास करने: बपतिस्मा की शिक्षा, हाथो को रखना, मरे हुओं का पुनरुत्थान, अनन्त न्याय।" "सुधार की शिक्षा मृत्यु का कारण बनती हैं," जो सही शब्द है। वास्तव में यही है जो पौलुस ने लिखा है। देखा कि वह क्या करने की कोशिश कर रहा है?

270 अब, ये सारी बातें, जैसे कि बपतिस्मे: कोई एक पीठ की तरफ बपतिस्मा लेता है, एक आगे की तरफ होकर, एक पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम पर, एक यीशु के नाम पर, एक *इस* तरह से, और *उस* तरह से, और बपतिस्मे की ये सभी अलग–अलग छोटी–छोटी चीजें।

271 और हाथों को रखने के विषय में: "परमेश्वर धन्य हो, मुझे हाथो को रखने का दान मिला है। हाल्लेलुय्या! आप, आप इसे *इस* तरह ले सकते हैं। हाल्लेलुय्या!"

272 उस सब को एक तरफ रख दें, क्योंकि वह मरे हुये कार्य है, ये सुधारक, सुधार कर रहे है। देखा? वह दूसरे वर्ग की बात कर रहा है। अब उसने कहा, "आइए इससे दूर हो जाएं, और सिद्धता की ओर आगे बढ़ें।" आपको ये समझ गया? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।]

273 और कलीसिया अब भी उन बातों में पीछे लगी हुई है। यही है वे जो करने की कोशिश कर रहे थे। आरंभिक इब्रानी कलीसिया यह कहने का प्रयास कर रही थी, "तो ठीक है, मेरा डुबाने के द्वारा बपतिस्मा हुआ था, और—और मुझे *यह* मिला था, और *यह*, और *ये* सब चीजें मिलीं।"

274 उसने कहा, "अब, उस सब को एक तरफ रख दे, इसे पीछे छोड़ते हुए।" लेकिन, अब, क्या उसने कहा कि हमें ऐसा नहीं करना चाहिए? अब सुनना उसने इस बारे में क्या कहा।

और हम यह करेंगे,... परमेश्वर अनुमति दें।

275 और मूल ने उसी बात को कहा।

और यदि परमेश्वर चाहे, तो हम यही करेंगे, देखो।

और यदि परमेश्वर चाहे, तो हम यही करेंगे।

276 बपतिस्मे, हाथ को रखना, और इत्यादि, लेकिन यह सिद्धता नहीं है। यह तो केवल शारीरिक सुधार है। और यही है जहां पर कलीसियाये आज छोड़ देती हैं, उस शारीरिक सुधार पर बनी हुई है। उनमें से एक कहता है, "ओह, पानी, *बपतिस्मा* शब्द का अर्थ *ऐसा* है और इसका अर्थ *वैसा* है।"

277 और उन्होंने संगठन को स्थापित किया है: और एक छिड़काव करता है, दूसरा एक जल को उंडेलता है, दूसरा मुंह को आगे की ओर करके बपतिस्मा देता है, दूसरा एक पीठ की तरह करके, और वे सारी चीजे; उनमें से कुछ लोग बीमारों के लिए हाथ रखते है, कोई प्रेरित बना रहे है, और कोई भविष्यद्वक्ता और इत्यादि बना रहा है। हाथ को रखने के द्वारा; और मरे हुओं में से जी उठने का प्रचार करते है, और जो कि ठीक बात है; और मसीह की सर्वोच्च दैविकता, यह सब ठीक है। "लेकिन," उसने कहा, "ये सभी औपचारिक सुधार हैं। हम बस सुधार कर रहे हैं। अब आओ हम सिद्धता की ओर बढे।" आपने तस्वीर को समझा? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।]

278 अब देखो। यहाँ पर अब गहरा भाग आता है।

क्योंकि ये उनके लिए असंभव है जिन्हों ने एक बार ज्योति पाई है, और जो स्वर्गीय वरदान का स्वाद चख चुके हैं और पवित्र आत्मा के भागी हो गए हैं,

और परमेश्वर के उत्तम वचन का,... और आने वाले युग की सामर्थों *का स्वाद चख चुके हैं।*

यदि वे भटक जाएं; तो उन्हें मन फिराव के लिये फिर नया बनाना अन्होना है; क्योंकि वे परमेश्वर के पुत्र को अपने लिये फिर से क्रूस पर चढ़ाते हैं और प्रगट में उस पर कलंक लगाते हैं।

279 अब, मैं जानता हूँ कि अभी आप जो नियम वादी है आपके मन में क्या है, लेकिन आप गलत हैं। देखा? तो ठीक है। मैं इस पर खड़ा हूं, और

बाईबल इसकी पुष्टि करती है, कि, “यदि परमेश्वर कभी किसी मनुष्य को बचाता है, तो वह समय और अनंतता के लिए बच गया है।” आप इसे कुछ भी और नहीं कह सकते।

280 ज्यादा समय नहीं हुआ कुछ कट्टरपंथी मेरे पास आए, और कहा, “मैं आपसे एक बात पर पूछता हूँ, प्रचारक ब्रन्हम। मैं आपसे एक बात पूछता हूँ। आपने कहा, ‘यदि एक मनुष्य बच जाता है, तो वह कभी नाश नहीं हो सकता’? ”

281 मैंने कहा, “यही है जो परमेश्वर ने कहा।”

282 उसने कहा, “मैं आपसे कुछ पूछना चाहता हूँ। शाऊल एक भविष्यद्वक्ता था, और उसने भविष्यद्वाणी की। और आप जानते हैं कि वह परमेश्वर का अभिषिक्त था। बाईबल ने कहा कि वह था। और उसने आत्महत्या कर ली, और वह नाश हो गया।”

283 मैंने कहा, “वह था? ” मैंने कहा, “बाईबल घोषित करती है कि वह ‘बचाया,’ गया था। परमेश्वर का शत्रु होने के बाद, वह तब भी बचा लिया गया था। बाईबल ने कहा कि वह बच गया था। और आखिर उसने आत्महत्या नहीं की। एक पलिश्तीनी ने उसको मार दिया, और दाऊद ने उस पलिश्तीनी को उसे मार डालने के लिये घात किया। वह उसकी तलवार पर गिर गया, उसके भाले, तलवार, लेकिन, उसने ऐसा किया। इसने उसे नहीं मारा। और एक पलिश्तीनी ने उसे मार डाला। और जब शाऊल जादूगरनी के पास गया, और उसने शमूएल की आत्मा को पुकारा, क्योंकि उसने महिमा में प्रवेश नहीं किया था, वह बैलो और बकरियों के बहाए गए लहू के नीचे स्वर्गलोक में था जो पाप को दूर नहीं कर सकता था। लेकिन उसके पास एक प्रतीक्षा का स्थान होना था, जिसे स्वर्गलोक कहा जाता है, जब तक कि वह अंदर प्रवेश नहीं कर लेता।”

284 यहीं है जहाँ आप कैथोलिक लोग उलझ जाते है। समझे? अब, वहां कोई और स्वर्गलोक नहीं है। हम सीधे परमेश्वर की उपस्थिति में जाते हैं।

285 और जब एंडोर की जादूगरनी ने शमूएल की आत्मा को पुकारा, तो वो वहां खड़ा था। और वह मुंह के बल गिर पड़ी, और बोली, “आपने मुझे क्यों भरमाया? ”

286 और ना ही केवल शाऊल वहां खड़ा था... मेरा मतलब है शमूएल, अपने भविष्यवक्ता के वस्त्र में, वह अभी भी एक भविष्यद्वक्ता था। उसने

कहा, "तूने मुझे मेरे विश्राम से बाहर क्यों बुलाया," कहा, "यह देखते हुए कि तू परमेश्वर की शत्रु बन गयी है? "

287 उसने कहा, "तो ठीक है, ऊरीम अब और मुझसे नहीं बोलेगा। भविष्यवक्ता मेरे लिए अब और अधिक भविष्यवाणी नहीं कर सकता। ना ही मेरे पास कोई सपना हो सकता है।"

288 "तो ठीक है," शमूएल ने कहा, "तुम परमेश्वर के शत्रु बन गए हो। लेकिन कल लड़ाई दूसरी तरफ हो जाएगी, और तुम कल मर जाओगे। और कल रात इस समय तक, तुम मेरे साथ रहोगे।" यदि शाऊल नष्ट हुआ था, तो शमूएल भी, वे दोनों एक साथ थे। निश्चित रूप से। बाईबल ने ऐसा कहा।

289 अब, आप पूरी तरह अन्य जुबान में बोलते हुए, चिल्लाते हुए, झटके देते हुए, भावना में डूब सकते हैं, हिलते–डुलते, गलियारे से ऊपर–नीचे दौड़ सकते है। इसके विरोध में कुछ भी नहीं। लेकिन आप अपने आप को यह विश्वास देने को लगा सकते हैं कि आप बचाए गए हैं जब कि आप नहीं बचाये गए हैं, आप नहीं बचाए गए हैं। आपका जीवन प्रमाणित करेगा कि आप क्या हैं। यीशु ने कहा कि ऐसा होगा, "उनके फलों से तुम उन्हें जानोगे।" आपका जीवन साबित करेगा कि आप बच गए हैं या नहीं, यदि आप कभी अपना मुंह नहीं खोलते हैं तो भी। यह साबित करेगा कि आप क्या हैं।

290 लेकिन यह सब काम और भावना और कलीसिया से जुड़ना, "और मुझे यीशु के नाम में बपतिस्मा दिया गया, हाल्लेलुय्या, मैं जानता हूँ कि मैंने पा लिया है," इसका कुछ भी लेना देना नहीं है।

291 "मुझे पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा के नाम में बपतिस्मा दिया गया है तीन बार आगे की ओर मुंह करके। मैंने इसे पा लिया।" इसका कुछ भी लेना–देना नहीं है।

292 पौलुस ने कहा, "आओं अब हम सिद्धता की ओर आगे बढे।" हम सिद्धता के बारे में बात कर रहे हैं। और यदि हम इस पर आगे जायेंगे तो आप पाएंगे, सिद्ध चुने हुए होते हैं। मैं इसे कुछ ही मिनटों में, बाईबल के द्वारा आपके सामने साबित कर दूँगा। यह चुने हुए लोग हैं, जिन्हें परमेश्वर ने, जगत की नीव डालने से पहले, उनमें से हर एक को देखा था। और उसने यीशु को उन लोगों को छुड़ाने के लिए भेजा, ना ही पूरी दुनिया को।

वह चाहता था, लेकिन उसे उनके लिए रस्ते को बनाना था। और एक ही तरीके से वो कर सकता था, वह था मसीह को भेजना; जिससे कि वह आ सके, जो हमारे पापों की प्रायश्चिता हो, जिससे कि वे जो चुने हुए हैं, वह उन्हें महिमा में उसके पास ला सके।

293 क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि परमेश्वर अपने कार्य स्थान को इतने ढीले-ढाले तरह से चला रहा है, जैसे कि कहते है, "तो ठीक है, हो सकता है कि कोई मेरे बारे में बहुत बुरा सोचेगा, हो सकता है कि वे आकर और बच जाये"? परमेश्वर को आपसे कुछ भी नहीं करने के लिए विनंती करने की आवश्यकता नहीं है। कोई विनंती करना, विनंती करने की आवश्यकता आपको है, परमेश्वर को नहीं।

294 और तब, मसीह उन लोगों को बचाने के लिए मरा, जिन्हें परमेश्वर ने, पूर्वज्ञान के द्वारा, बिना किसी दाग या झुर्री के उस ओर उनसे मिलने के लिए चुना है। दुनिया की नींव डालने से पहले, उसने आपको महिमा में देखा। यही है जो बाईबल ने कहा, इफिसियों, पहला अध्याय। पाँचवाँ अध्याय, पहला पद। परमेश्वर ने पूर्वज्ञान के द्वारा पहले से ठहराया।

295 अब, यदि परमेश्वर ने ऐसा किया, हमें जगत की नीव डालने से पहले ठहराया, और हम में से हर एक को जगत की नीव डालने से पहले नाम के द्वारा जानता है, और हमें अनन्त जीवन के लिए चुन लिया, और हमें छुड़ाने के लिए यीशु मसीह को भेजा, जिसने, छह हजार वर्ष पहले, उसने हमें देखा, जिससे कि हम महिमा में उसकी स्तुति में प्रकट हो सके, आप भला कभी कैसे नाश हो सकते हैं?

296 अब, यदि आप बच गए हैं, तो आप बच गए हैं। यदि परमेश्वर आज रात आपको बचाता है, यह जानते हुए कि वह आज से दस वर्ष बाद आपको खोने जा रहा है, तो वह अपने ही उद्देश्य को विफल कर रहा है; वो चिरस्थाई, सर्वशक्तिमान, अनंत, सनातन ज्ञान, परमेश्वर, यह जानने के लिए पर्याप्त नहीं है कि जाने आप डटे रहेंगे या आप नहीं डटे रहेंगे। फिर, जब वो आपको बचाता है, और कहता है, "तो ठीक है, मैं उसे एक परीक्षा दूंगा, और देखता हूँ कि वह क्या करेगा," तब तो वो आदि से अन्त को नहीं जानता। परमेश्वर जानता है कि वह क्या कर रहा है, आप इसके बारे में कभी भी चिंता ना करें। यह तो आप और मैं इसके दौरान लडखडा रहे

हैं। परमेश्वर जानता है कि वह क्या कर रहा है। और वह जानता था हम... क्या हम डटे, या हम क्या करेंगे।

297 अब, बाईबल ने कहा कि, एसाव और याकूब, इससे पहले किसी भी बालक का जन्म होता था, परमेश्वर ने कहा, "मैं एक से प्रेम करता हूँ, और दूसरे एक से घृणा करता हूँ," इससे पहले कि उन्होंने अपनी पहली सांस भी ली, जिससे कि उसका चुना जाना सच हो सके।

298 अब्राहम कौन था (हम कुछ ही मिनटों में उसे लेंगे, यहाँ आगे।), वह था कौन, जिसे परमेश्वर को बुलाना चाहिए, उसे बिना किसी बात के बचाता है? परमेश्वर मनुष्य से वाचा बाँधता है, मनुष्य उसकी वाचा को तोड़ता है। लेकिन परमेश्वर ने यह वाचा अपने ही साथ बांधी, और उसने अपनी ही शपथ खाई, कि मनुष्य का इससे कोई लेना–देना नहीं है। यह परमेश्वर का अपना पूर्वज्ञान है, उसने इसे किसी भी तरह से कर दिया।

299 अब आप कहते है, "तो ठीक है, भाई ब्रन्हम, यदि मैं एक मसीही बन जाता हूँ, मैं तब कुछ भी कर सकता हूँ जो मैं चाहता हूँ?" बिल्कुल। यदि आप एक मसीही हैं, आप कुछ भी करें जो आप करना चाहते हैं। और मैं गारंटी देता हूँ, आपके पास गलत करने की कोई इच्छा नहीं होगी। आप कुछ भी करे। मैंने हमेशा वही किया है जो मैं करना चाहता था। और यदि मैं प्रभु की सेवा करता हूँ क्योंकि मुझे डर है कि मैं नरक में चला जाऊँगा, तो मैं उसकी सही सेवा नहीं कर रहा हूँ। यदि मैं अपनी पत्नी के प्रति सच्चा रहता हूँ क्योंकि मुझे डर लगता है कि वह मुझे तलाक दे देगी, तो मैं बिल्कुल भी अच्छा पति नहीं हूँ। लेकिन मैं उसे बिना किसी कारण के दुःख नहीं पहुँचाता हूँ, क्योंकि मैं उससे प्रेम करता हूँ।

300 ऐसा ही मसीह के साथ होता है, जब एक मनुष्य परमेश्वर की आत्मा से जन्म लेता है। इसलिए नहीं कि उसने चिल्लाया, अन्य जुबान में बोला, या कुछ भावना में आया; लेकिन उसके हृदय में प्रेम आया और उसने संसार के स्थान को ले लिया। मैं आपको बताता हूं, वह उससे प्रेम करता है। वह हर दिन उसके साथ चलता है। आपको उसे ये बताने की आवश्यकता नहीं है, "*ऐसा* करना गलत है, या *वैसा*, या *इत्यादि*।" वह जानता है कि यह गलत है। और, वह चलता है, वह परमेश्वर के सर्वश्रेष्ठ अनुग्रह का एक ठहराया गया उत्पादन है। बिल्कुल।

क्योंकि जिन्हों ने एक बार ज्योति पाई है, ये उनके लिए असंभव है,... जो स्वर्गीय... बुलावट *के भागीदार हो गए है...*

अब, हम कभी–कभी विश्वास करते है कि वह एक ऐसा मनुष्य था जिसने एक बार ज्योति पायी थी और फिर से गिर गया, लेकिन बाईबल इसे इस तरह से नहीं बताती है। "एक मनुष्य के लिए पूरी तरह से असंभव है," वह यहाँ कहता है, "कि जिस ने पवित्र आत्मा को पाया है, कि वह कभी गिर जाए।" अब इसे पढ़ें और देखे कि क्या यह सही नहीं है। यहां देखें, शब्दों को ले, संपूर्ण शब्द, और बातों को मेरा मतलब संदर्भ को ले।

301 अब वो इस बारे में बात करना आरंभ करता है, यह क्या है? "आओ हम सिद्धता की ओर आगे बढे।" अब उसने कहा, "ना ही शारीरिक, शिक्षाओ और बपतिस्मा और सुधारों और इत्यादि की यहां नींव को रखते हुए। अब ऐसा ना करे। अब आओ सिद्धता की ओर आगे बढे।" वो विषय *सिद्धता* है, और सिद्धता मसीह के द्वारा आती है। और हम मसीह में कैसे किस तरह आये? कलीसिया में जुड़ने के द्वारा? "एक ही आत्मा के द्वारा हम सब ने उस देह में बपतिस्मा लिया है।" ना ही: एक, अन्य जुबान में बोलने के द्वारा; किसी एक से, हाथ मिलाने के द्वारा; एक, पानी में बपतिस्मा लेने से। "लेकिन एक आत्मा के द्वारा हमने एक देह में बपतिस्मा लिया हैं।" आपने इसे समझ लिया? यही सिद्धता है।

302 और जब आप उसमें आते है, तो आप मसीह में होते हो, और आपके लिए संसार मरा हुआ होता है। और आप हर एक दिन मेम्ने के साथ चलते हो, और आपके कदम परमेश्वर की ओर से ठहराए जाते हैं, कि क्या करना है। ओह, मुसीबते और परीक्षाये जिनमें से हम होकर जाते हैं! आप कहते है, "क्या आपके पास परीक्षाये हैं?" जी हां, श्रीमान। क्या है...

303 अनुग्रह वह है जो परमेश्वर ने मेरे लिए किया, कार्य वह है जो मैं परमेश्वर के लिए करता हूं। अब, वे इसमें से एक सिद्धांत बनाएंगे, वे सोचते हैं कि काम वही है जो आपके गुणों को जीतता है। यदि ऐसा है, तो यह मुफ्त का दान नहीं है। अनुग्रह वही है जो परमेश्वर ने आपके लिए किया है, "अनुग्रह के द्वारा आप बचाए गए हैं।" और कार्य वह है जो आप उस अनुग्रह की प्रशंसा में करते हैं जो उसने आप पर दिखाया है। और यदि आप उस से प्रेम रखते हो, तो आप प्रभु के काम करना पसन्द करते हो। निश्चित रूप से, क्योंकि, तब, आप—आप उससे प्रेम करते है।

304 मेड़ा ब्रॉय को मेरी पत्नी के रूप में स्वीकार करना, उसके लिए यही प्रेम था। वह प्रशंसा में क्या करती है: वह एक अच्छी महिला है, घर पर रहती है, बच्चों की देखभाल करती है, और एक अच्छा सच्चा जीवन जीती है। ऐसा इसलिए नहीं है क्योंकि हमने विवाह नहीं किया है; हम विवाहित हैं। लेकिन वह प्रशंसा में ऐसा करती है। यदि वो हर रोज शहर में दौड़ कर जाती है, और हर एक सस्ती दुकान में जाती है, और रास्तो पर यहाँ वहां से लेती है, और कभी भी बर्तन नहीं धोती है, या कुछ और नहीं करती, हम फिर भी विवाहित हैं। बिल्कुल। जब मैंने अपने विवाह की प्रतिज्ञा ली, तो इससे बात ख़त्म हो जाती है। वह मेरी पत्नी है। जब तक हम में जीवन है, वो मेरी पत्नी है। यह उसकी विवाह की प्रतिज्ञा है। लेकिन उसके लिए वो क्या प्रशंसा करती है: वह घर पर रहती है, और बच्चों की देखभाल करती है, और एक सच्ची पत्नी बनने की कोशिश करती है।

305 मैं बाहर जा सकता हूँ और हर समय बाहर रह सकता हूँ, बस देश भर में घूमता–फिरता रह सकता हूँ, और भले ही पत्नी को आधा भूखा रहने दूं, या ऐसा ही कुछ, बच्चों को बिना कुछ खाए जाने दूं; हम फिर भी विवाहित हैं। यदि वो मुझे तलाक भी देती है, तो भी मैं विवाहित हूँ, जब तक मेरे शरीर में जीवन है। मैंने उस प्रतिज्ञा को लिया, "मरते दम तक हम अलग ना होंगे।" यह सही बात है। हम अब भी विवाहित हैं। लेकिन, मगर, मैं एक पति के नाई एक बेकार का बहाना बनाता हूँ। वह एक पत्नी के रूप में एक बेकार का बहाना बनाती है। तो यदि हम एक दूसरे से प्रेम करते हैं, तो भी हम एक साथ बने रहते हैं और बोझ को एक साथ खींचते हैं।

306 इसी तरह से परमेश्वर और उसकी कलीसिया है। जब आप परमेश्वर के राज्य में जन्म लेते हैं, तो आपके पास *उतार* और *चढ़ाव* होंगे, सच है, लेकिन आप अब भी एक मसीही हैं, आपने अब भी परमेश्वर की आत्मा से जन्म लिया हैं। परमेश्वर को हो सकता है आपको धरती पर से जल्दी उठाना पड़े।

> ... यह *उन लोगों के लिए असंभव है जिन्होंने एक बार ज्योति पायी है, और उन्होंने स्वाद को चखा है... स्वर्गीय दान का,...*

> *... यदि वे कभी भटक जाएं, तो उन्हें मन फिराव के लिये फिर से नया बनाना अनहोना है;...*

307 अब, मैं जानता हूँ कि आप कलीसिया के बारे में कैसे सोच रहे हैं। मुझे आपको थोड़ा और मजबूत बनाने के लिए एक बात को लेने दो, जिससे वो—वो नियम पर चलने वाले पक्ष को वास्तव में निकाला जा सके। आइए हम इब्रानियों के 10वें अध्याय पर चलते हैं, और इसकी ओर बस जरा सा देखते हैं।

308 10वाँ अध्याय, 26वाँ पद।

> *क्योंकि सच्चाई की पहिचान प्राप्त करने के बाद... यदि हम जान बूझ कर पाप करते रहें, तो* पापों *के लिये फिर कोई बलिदान बाकी नहीं,*
>
> *हां, दण्ड का एक भयानक बाट जोहना... और आग का ज्वलन बाकी है जो* विरोधियों *को भस्म कर देगा।*
>
> *जब कि मूसा की व्यवस्था का न मानने वाला दो या तीन जनों की गवाही पर, बिना दया के मार डाला जाता है:*
>
> *तो सोच लो कि वह कितने और भी भारी दण्ड के... योग्य ठहरेगा... ,*पांवों से... *जिस ने परमेश्वर के पुत्र को पांवों से रौंदा, और वाचा के लोहू को जिस के द्वारा वह पवित्र ठहराया गया था, अपवित्र जाना है, और... अनुग्रह के* कार्यों *के बावजूद किया?*

309 अब आप कहते है, "उसके बारे में क्या, भाई ब्रंहम? यह कैसा दिखता है?"

अब, बस पढ़ने के लिए, मैं सोचता हूं, "वचन *ऐसा* नहीं कहता हैं।" यह एक मसीही के बारे में बात नहीं कर रहा है। यह एक ऐसे मनुष्य के बारे में बात कर रहा है जिसने वचन को सुना और उससे मुंह मोड़ लिया। देखा?

> *क्योंकि यदि हम पाप करते हैं...* (पाप क्या है? अविश्वास।)...
> *यदि हमें* सुसमाचार सुनाए *जाने के बाद हम जानबूझ कर* अविश्वास करते हैं, *तो वहां पाप के लिए और कोई बलिदान नहीं रहता,*

310 पाप क्या है? अविश्वास। संत यूहन्ना, चौथा अध्याय पढ़ें। यीशु ने कहा, "वह जो विश्वास नहीं करता वह पहले ही दोषी हो चुका है।" धूम्रपान करना, शराब पीना, व्यभिचार करना ये पाप नहीं है। आप ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि आप एक अविश्वासी हैं। यह तो बस गुण हैं। आप

ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि आप एक अविश्वासी हैं। बस धूम्रपान करना छोड़ना, शराब पीना छोड़ना, और इसी तरह इत्यादि, इसका मतलब यह नहीं है कि आप—आप एक मसीही है। बस यही आपके परिवर्तन के गुण हैं। लेकिन, आप कर सकते हो—आप दोनों तरफ से कर सकते हैं, और फिर भी नहीं हो सकते।

311 अब, ध्यान देना।

> ... वह जो अविश्वास करता है *जानबूझकर उसके बाद* वो...

312 ना ही—ना ही, "उसके ह्रदय में मसीह को ग्रहण करने के बाद।" बाईबल ऐसा नहीं कहती है। कहा, "वह जो... "

> *... यदि सच्चाई के ज्ञान को प्राप्त करने के बाद, ... यदि हम* जान बूझ *कर* अविश्वास *करते रहें, ...*

इसे समझा? किसी मसीही के लिए बिल्कुल ही बात नहीं कर रहा था।

313 कोई महिला मेरे पास आयी, ज्यादा समय नहीं हुआ, और कहा, "भाई ब्रन्हम, मैं एक मसीही हूँ, लेकिन मैंने पवित्र आत्मा की निन्दा की है।"

314 मैंने कहा, "यह असंभव है।" एक मसीही पवित्र आत्मा की निन्दा नहीं कर सकता। आप इसे नहीं कर सकते। एक मसीही का आत्मा मसीह की आत्मा के साथ गवाही देता है। समझे? और आप परमेश्वर की हर एक चीज को, "परमेश्वर की," बतायेगे।

315 लेकिन यदि आप शारीरिक मन वाले हैं, तो आप मज़ाक उड़ायेंगे और पवित्र आत्मा पर हँसेंगे; मैं परवाह नहीं करता कि आप कितना कलीसिया में जाते हैं, आप अब भी एक पापी हैं, और आप पवित्र आत्मा की निन्दा कर रहे हैं। जब उन्होंने यीशु को उनके विचारों को परखते हुए देखा, तो उन्होंने कहा कि वह एक "ज्योतिष विद्या बताने वाला" है।

316 यीशु ने कहा, "तुमने... मैं तुम्हे इसके लिए क्षमा करता हूं, लेकिन जब पवित्र आत्मा आएगा, तुम इसके विरोध में एक शब्द भी बोलते हो, इसके लिए तुम्हे कभी क्षमा नहीं किया जाएगा।"

क्योंकि, उन्होंने कहा, "उसके पास एक अशुद्ध आत्मा है," परमेश्वर की आत्मा को "एक अशुद्ध चीज," कहकर बुलाना।

एक मसीही ऐसा नहीं कर सकता। एक मसीही हमेशा परमेश्वर की आत्मा को "धार्मिकता," बुलाएगा। समझे? एक मसीही पवित्र आत्मा की निन्दा नहीं कर सकता। यह तो बाहरी व्यक्ति है जो निन्दा करता है।

317 यह वहां खड़े हुए मसीही लोग नहीं थे। यह धार्मिक लोग थे, यह रूढ़िवादी यहूदी, धर्मशास्त्र के विद्वान, इत्यादि थे, और वे उसका और उसके कामों का मज़ाक उड़ा रहे थे, परमेश्वर के कार्यों को बोल रहे थे, कि, "यह एक अशुद्ध आत्मा कर रही है।"

318 और आप कितने लोग यह सोचते है जो पवित्र आत्मा की निन्दा करते हैं, उनके नाम के आगे डी.डी.डी., पीएच.डी. लगा हुआ है? कितने बड़े–बड़े लोग, कठोर रूढ़िवादी, कैथोलिक, प्रोटेस्टेंट, रास्ते पर चलते है और पवित्र आत्मा के कार्यो का मज़ाक उड़ाते है, बस जैसे चमकाए हुए विद्वान, और एक बहुत ही चालाक? सही है। लेकिन वे पवित्र आत्मा का मज़ाक उड़ाते हैं, और इसलिए वे उसकी निन्दा करते हैं।

लेकिन एक नया जन्म पाया हुआ मसीही ऐसा नहीं कर सकता। वो कहेगा, "वह मेरा भाई है। यही जीवित परमेश्वर का आत्मा है।" यह सही बात है। एक मसीही पवित्र आत्मा की निन्दा नहीं कर सकता।

319 यह तो पापी है जो पवित्र आत्मा की निन्दा करता है; वो अविश्वासी, *पापी*, एक "अविश्वासी" है। वहां केवल दो बातें हैं: या तो आप विश्वासी हैं, या अविश्वासी हैं।

320 अब, यहाँ ध्यान दें, इस वास्तव में अब तनावयुक्त बनाने के लिए। मेरे पास एक दर्शन था जो मुझे हमेशा ही चिंतित करता था। वर्षों पहले मैं इसकी ओर देखा करता था। मैंने कहा, "ओह, यदि एक व्यक्ति एक बार पवित्र आत्मा को पाता है, और फिर पीछे हट जाता है, तो वह हमेशा के लिए नाश हो जाएगा।" मैं इस दूसरी बात को पकड़ नहीं पाया कि इसके साथ अर्थ निकालूं।

321 मैंने कहा, "फिर ऐसा क्यों है कि बाईबल ने कहा, कि, 'वो जो मेरे वचनों को सुनता है और उस पर विश्वास करता है जिसने मुझे भेजा है, उसके पास अनन्त जीवन है, अनन्त, और वह कभी भी न्याय के लिए नहीं आएगा, लेकिन मृत्यु से जीवन में प्रवेश कर चूका है। वे सब जिसे पिता ने मुझे दिया है वो मेरे पास आएगा, और उनमें से कोई भी नाश नहीं होगा, मैं उन्हें अंत के दिनों में जिला उठाऊंगा। कोई मनुष्य उन्हें मेरे हाथ

से नहीं छीन सकता'? यह इसके साथ कैसे विभाजित या अलग है? मैं बस इसे समझ नहीं पाया। 'यह उनके लिए असंभव है जिन्होंने एक बात ज्योति पायी है।'" मैंने सोचा, "वहां कुछ तो गलत है। मैं इसे नहीं समझ सकता।"

और मैं वर्षो पहले पेंटीकोस्टल की एक छोटी सी सभा में गया था।

322 मैं सोचता हूँ, कलीसिया में आज रात कोई नहीं बचा है, मुझे लगता है, जिसे यह याद होगा। वर्षों पहले, यह बस आराधनालय के निर्माण के समय की ही बात थी। इतना नहीं, यह वहाँ पहले भाई ग्राहम होंगे, या कोई और। मैं नहीं जानता, आप यहाँ पहले थे, या नहीं, भाइयों। मैं सोचता हूँ भाई महोनी थे। हां। मेरा विवाह होने से ठीक पहले।

323 वह दान काम कर रहा था, मुझे डर था। उन्होंने मुझे बताया कि यह शैतान की ओर से था। जब तक प्रभु के दूत ने मुझे नहीं बताया, तब तक मैं नहीं जानता था।

324 मैं मिशावाका गया था, और मैं उस सभा में बैठा हुआ था, और मैंने इतना अचिक चिल्लाना और रोना और परमेश्वर को स्तुति देना कभी भी नहीं सुना था। मैंने सोचा, "भाई यह तो स्वर्ग है।" और, ओह, वे किस तरह से ऊपर और नीचे जाते।

325 रंगभेद होने की वजह से उन्हें इसे उत्तर में रखना होता था। वहां अश्वेत और श्वेत लोग एक साथ थे। डब्ल्यू. के पी.ए और जे.सी. के पी.ए. वास्तव में मिल गए या विलय हो गये थे और जो यूनाइटेड पेंटीकोस्टल बन गया था। लेकिन मिशावाका में भाई रोवे के आराधनालय में उनकी क्या ही बेदारी हो रही थी। और मैं, एक छोटा जानने का अभिलाषी मनुष्य, पिछली सीट पर बैठा था, यह सब देख रहा था। मैंने इन चीजों को पहले कभी भी नहीं देखा था।

326 वहां एक मनुष्य बैठा था... मैंने इसे पहले कभी सार्वजनिक रूप से नहीं बताया। वहां एक मनुष्य एक ओर बैठा हुआ था, और एक मनुष्य दूसरी ओर था, और एक अन्य जुबान में बोलता था, और दूसरा उसका अनुवाद करता था। और वे बताते कि भिन्न–भिन्न बातें जगह लेने जा रही है। फिर, *यह* एक अन्य जुबान में बोलता, और *यह* एक अनुवाद करता। मैंने सोचा, "ओह, क्या यह अद्भुत नहीं है!" मैंने सोचा, "कितना महिमामय है! वे अवश्य ही दूत होंगे, जो मनुष्यो के रूप में नीचे उतर आये है।"

327 तो ठीक है, मेरे पास घर आने के लिए केवल एक डॉलर और पचहत्तर सेंट थे, और मैं—मैं—मैं बस पेट्रोल का एक बार टैंक ले सकता था। मैं उस रात एक मकई के खेत में सोया था। मैंने इसका एक भाग एक किताब में डाला है, लेकिन इसकी सारी बात को नहीं डाला है, क्योंकि मैं उनकी भावना को ठेस नहीं पहुँचाना चाहता था। और इसलिए, उस रात, उन्होंने कहा, "सारे प्रचारक मंच पर आ जाए।" मैं मंच पर था। मैं तब वहां पर सबसे कम उम्र का प्रचारक था।

328 इसलिए, अगली सुबह उन्होंने मुझे प्रचार करने के लिए आने को कहा। मैं छुपने लगा। आप जानते है, अश्वेत व्यक्ति ने कहा, "यहाँ है वो।" आपको इसकी कहानी याद होगी, जब उन्होंने मुझ पर वहां बैठे हुए रोशनी को डाला था।

329 और इसलिए उस दिन प्रचार करने के बाद, यहाँ वहां घूमते हुए, मैंने सोचा "क्या मैं केवल उन दो व्यक्तियों से मिल सकता हूँ।" उन्होंने सभा का नेतृत्व किया। एक उठता और उसका चेहरा सफेद हो जाता; वो अन्य जुबान में बोलता। और दूसरा उसका अनुवाद करता, और वचनों को देता, "**यहोवा यों कहता है**, 'यहाँ एक *फलां–फलां* व्यक्ति है, उसका नाम *फलां–फलां* है, जो *यह* करेगा और *ऐसा–वैसा* करेगा।'" भाई, यह सच था। और दूसरा एक उठकर अन्य जुबान में बोलता, और वह अनुवाद को करता।

330 मैंने सोचा, "ओह, परमेश्वर, क्या यह अद्भुत नहीं है!" तो, उस दिन, मैंने सोचा, मैंने बाहर जाकर प्रार्थना की। मैंने सोचा, "हे प्रभु, आप मेरे लिए ऐसा फिर से करे।" मैं नहीं जनता था कि इसे क्या कहा जाए, दर्शन।

331 मैंने बाहर जाकर और प्रार्थना की, और प्रभु से माँगा कि मेरी सहायता करे। मैं इमारत आसपास घुमने लगा, और मैं उनमें से एक के पास चलकर गया। अब, प्रभु मुझे बातो को जानने का एक जरिया बताये। मैंने उसका हाथ मिलाया। मैंने कहा, "आप कैसे हैं? "

उसने कहा, "आप कैसे हैं? आपका नाम क्या है? "

और मैंने कहा, "ब्रंहम।"

"ओह," उसने कहा, "आप ही वो युवा व्यक्ति हैं जिसने आज सुबह प्रचार किया।"

मैंने कहा, "जी हां, श्रीमान।"

332 जब मैं उससे बातचीत करने लगा, तो मैंने उसकी आत्मा को पकड़ लिया। और वह एक सच्चा मसीही था, बस एक शुद्ध मसीही, भाई। मेरा मतलब है, वो एक विश्वासी था। मैंने सोचा, "ओह, क्या यह अद्भुत नहीं है!"

333 और उसके बाद से लगभग एक घंटे बाद, वहाँ कार के पास, जो एक बहुत बड़ी कार दिख रही थी, वहां उस कार के पीछे "केवल यीशु" लिखा हुआ था, और वहां पर दूसरा व्यक्ति खड़ा हुआ था। और मैं वहां पर गया और मैंने कहा, "आप कैसे हैं, महाशय? "

334 उसने कहा, "आप कैसे हैं? " कहा, "आप भाई ब्रन्हम हैं, जिसने आज सुबह बोला था।"

335 मैंने कहा, "जी हां महाशय। मैं वही हूँ।" मैंने कहा, "कहूँ तो, मैं उन परमेश्वर के महान दान का आनंद लेता हूं जो आप दोनों भाइयों में कार्य करता है।"

336 उसने कहा, "धन्यवाद, श्रीमान ब्रन्हम।" और मैं उसकी आत्मा को महसूस करने लगा। एक दर्शन आया। और यदि मैंने अब तक किसी ढोंगी से बात की है, तो वो उनमें से एक था। उसकी पत्नी एक अश्वेत सिर वाली महिला थीं। वह एक श्वेत सिर वाली महिला के साथ रह रहा था, उसमें से उसके दो बालक थे। दुनिया में किसी के भी तुलना में वो अब एक मसीही नहीं था।

337 तब मैंने कहा, "मैं कहाँ पर गया हूँ? मैंने सोचा था कि मैं दूतो के बीच में था, और अब मैं अवश्य ही दुष्टआत्माओं के बीच में होऊंगा। कुछ तो हुआ है। यहाँ एक था, जो एक सच्चा मसीही है; और वही आत्मा *इस* मनुष्य पर उतरती थी, और वही इस मनुष्य पर उतर रही थी।" मैंने कहा, "अब मैं पूरी तरह से उलझन में हूँ।" मैं नहीं जानता था कि क्या करना है। मैं रोया और प्रभु से विनंती की। मैं नहीं जानता था कि क्या स्वीकार करना है।

338 वे मेरे पास आने पर थे... मुझसे पूछा कि क्या मुझे पवित्र आत्मा मिला है, इस व्यक्ति ने पूछा, और मैंने कहा, "नहीं, महोदय, उस तरह से नहीं जिस तरह से ये आपको मिला है।"

कहा, "आप कभी भी अन्य जुबान में बोलते हैं? "

मैंने कहा, "नही, श्रीमान।"

कहा, "तब आपको यह नहीं मिला है।"

339 तो मैंने कहा, "आप हो सकता है सही कह रहे हैं मेरे भाई। हो सकता है मेरे पास नहीं है, क्योंकि मेरे पास वह नहीं है जो आपके पास है।" और थोडे समय के बाद, मैं खुश था कि मुझे उस तरह से नहीं मिला।

340 तो उसके बाद मैंने यह ध्यान दिया, और मैंने वह रास्ता देखा जो आगे बढ़ रहा था।

341 तो, एक दिन, मैं यहाँ बहुत पहले प्रार्थना कर रहा था। मैं आपको बताता हूँ कि क्यों, मैं जिसके लिए प्रार्थना कर रहा था, वो रॉय डेविस थे। और मैं यहाँ प्रार्थना कर रहा था, क्योंकि उसने मुझे "एक कठपुतली," कहकर बुलाया था और मैं परमेश्वर से उसके लिए क्षमा करने की प्रार्थना कर रहा था। और उसके पास वहां पहले एक प्रेस थी, एक अखबार में लिखा था। और उस प्रेस में आग लग गई और जल गई, उसके कुछ रात बाद, जब वे इसे चला रहे थे।

342 और सो मैं वहाँ पीछे खड़ा हुआ था, ग्रीन मिल के पीछे एक पुरानी गुफा में। मैं वहाँ के लिए निकला। और मैं वहाँ पीछे दो दिन प्रार्थना कर रहा था। मैंने अपनी बाईबल को एक पुराने लकड़ी के लट्ठे पर रख दिया, जहाँ, मैंने कुछ समय पहले ही भाई वुड को दिखाया था, मैंने अपनी बाईबल रखी थी। मैंने उस लकड़ी के लट्ठे पर पैर फैलाकर बैठ गया। और हवा चली। मैंने सोचा, "बहुत समय पहले, पीछे उस गुफा में, मैंने तब कुछ पढ़ा था।" सो मैंने बाईबल उठा लिया और पढ़ना शुरू किया, और यह वो अध्याय था जिस पर यह था। तो ठीक है, मैंने पढ़ना शुरू किया, और तब मैंने सोचना आरंभ किया। समझे?

> *क्योंकि ये उनके लिए असंभव है जिन्होंने एक बार ज्योति पाई है,... पवित्र* आत्मा *के सहभागी हो गये है,*
>
> *... परमेश्वर के अच्छे वचन का स्वाद चखा है, और... आने वाले युग,*
>
> *यदि वे भटक जाएं, तो तो उन्हें मन फिराव के लिये... फिर नया बनाना अनहोना है; क्योंकि वे परमेश्वर के पुत्र को अपने लिये फिर क्रूस पर चढ़ाते हैं और प्रगट में उस पर कलंक लगाते हैं।*

343 मैंने सोचा, “यहाँ वो वचन है।” लेकिन मेरे साथ कुछ बोझ था। तब मैंने सोचना आरंभ किया, “यहीं है जहाँ उसने शुरुआत में पहले यहां बात की थी, ‘ना ही पश्चाताप करने की मरी हुई नींव को आरम्भ में रखते हुए। ना ही पश्चाताप की नींव को रखते हुए,’ और यहाँ वह कहता है, ‘अपने आप को फिर से पश्चाताप के लिए नया बनाते हुए। लेकिन आइए इन चीजों को पीछे छोड़ते हुए सिद्धता की ओर आगे बढे।’” फिर मैंने पढ़ना आरंभ किया। फिर मैंने अगला पद पढ़ा।

> *क्योंकि जो भूमि वर्षा के पानी को जो उस पर बार बार पड़ता है, पी पीकर जिन लोगों के लिये वह जोती–बोई जाती है, उन के काम का साग–पात उपजाती है, वह परमेश्वर से आशीष पाती है।*
>
> *पर यदि वह झाड़ी और ऊंटकटारे उगाती है, तो निकम्मी और स्रापित होने पर है, और उसका अन्त जलाया जाना है।*

344 और जब मैंने इसे पढ़ा, तो किसी बात ने मुझे हिला दिया। और मैंने सोचा, “प्रभु, यह बात रॉय डेविस से संबंधित नहीं है। आप ऐसा क्यों करेंगे?”

345 मैंने दूसरा पन्ना पलटना आरंभ किया। मुझे फिर से इसमें वापस जाना पड़ा, “ये उनके लिए असंभव है जिन्होंने एक बार ज्योति पायी है,” ये इसमें फिर से चला गया।

346 तब मैंने सोचा, “प्रभु, यह क्या है? प्रभु, आपका क्या मतलब है?”

347 और मैं मुड़ा और उस पर प्रार्थना करने के लिए अपनी गुफा में वापस चला गया। और जब मैंने प्रार्थना की, तो मैंने देखा दुनिया घूम रही है। और यह पूरी तरह से गोल चक्र हो गया था, बहुत सुहावना, सारी दुनिया। और मैंने श्वेत रंग के एक मनुष्य को देखा, जो हर कहीं जा रहा था, उसके हाथ में एक थैला था। वो घूमते–घूमते बीजो को बो रहा था। वह पृथ्वी की गोलाई के चारों ओर चला गया। और जैसे ही उसने चारो ओर घूम लिया, यहाँ गहरे काले कपड़े पहने हुए एक मनुष्य आया, एक धूर्त सा दिखने वाला व्यक्ति, साथ ही *इस* तरह से सरकते हुए, देख रहां था। और उसके पास एक बीज था। और जैसे ही वो पृथ्वी के चारो ओर घूम आया, वो उसके पीछे आकर कुछ तो फेंक रहा था; हर एक को देख रहा था और फेंक रहा था। मैं खड़े होकर और दर्शन को देख रहा था।

348 उसके चले जाने के बाद, दुनिया घूम गई, और वहां एक बहुत ही बड़ी फसल खड़ी हो गई, और ये गेहूं की थी। और गेहूँ में जंगली पौधे, ऊंटकटारे या धतूरा और इत्यादि थे।

349 वहाँ अकाल आ गया। और, ओह, किस तरह से छोटे–छोटे गेहूँ ने अपने छोटे से सिर ऊपर लटका दिया, और पानी के लिए प्यासे हो रहे थे। उस छोटे ऊंटकटारे या धतूरे का सिर ऊपर लटका हुआ था, और ये पानी के लिए प्यासा हो रहा था। सभी बारिश के लिए प्रार्थना कर रहे थे। और कुछ समय बाद, वहां एक बड़ा बादल आ गया और उसने पूरी धरती को पानी से सींचा। और वो छोटे से ऊंटकटारे या धतूरे उछल पड़े, चिल्लाने लगे, "परमेश्वर की महिमा हो! हाल्लेलुय्या! प्रभु की स्तुती हो!"

350 और छोटा सा गेहूँ, वह उछल पड़ा, चिल्लाने लगा, "परमेश्वर की महिमा हो! प्रभु की स्तुती हो!"

351 और फिर मेरे पास वचन आया, जो मत्ती की किताब में मिलता है, 5वा अध्याय और 45वा पद। और सुनना जो यीशु ने कहा, मत्ती 5:45 में। और अब ध्यान से सुनना जैसा कि हम पढ़ते हैं। मत्ती, 5वां अध्याय और 45वां, 46वां पद; 44वें पद से शुरू करते हुए।

परन्तु मैं तुम से यह कहता हूं, कि अपने बैरियों से प्रेम रखो, जो तुम्हे शाप देते है उन्हें आशिष दो, और उनसे अच्छा करो *जो तुमसे घृणा करते है, और उनके लिये प्रार्थना करो, जो द्वेषपूर्ण तुम्हे उपयोग करते है, और तुम्हें सताते है;*

जिस से तुम हो सकता है... कहलाओगे... हो सकता है तुम अपने स्वर्गीय पिता की सन्तान ठहरोगे: क्योंकि वह भलों... और बुरों... दोनो पर अपना सूर्य उदय करता है, और धमियों और... अधमियों दोनों पर मेंह बरसाता है।

352 तो, आपने देखा, वही बारिश जो गेहूं को बढाती है, एक ऊंटकटारे या धतूरे को बढने को लगाती है। और, इसलिए, मुझे तस्वीर मिल गयी। वहां आपका शारीरिक अंगीकारकर्ता है, यही है जो ठीक कलीसिया में है। लेकिन उसके फल... वह हो सकता है चिल्लाये, कूदे, नाचे, अन्य जुबान से बोले; लेकिन उसके फल: वह एक ऊंटकटारा या धतूरा है। और वहां एक और दूसरा है, उसके पास वही आत्मा है। पवित्र आत्मा ठीक लोगों के एक ही झुंड में उतर सकता है, और एक ढोंगी चिल्ला सकता है, पवित्र आत्मा

के द्वारा ठीक उसी तरह जैसे ऊंटकटारा भेजी गई बारिश से जीवित रह सकता है। यही है जो पौलुस यहाँ पर बात कर रहा है। लेकिन ये असंभव है ऊंटकटारे या धतूरे के लिए कि वो गेहूँ बने या गेहूँ के लिए ऊंटकटारा बनना। आपने इसे समझ लिया? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।]

> *क्योंकि जिन्होंने एक बार ज्योति पाई है यह उनके लिए असंभव है, और... और पवित्र आत्मा के* दान के भागी *हो गए हैं,*
>
> और... *परमेश्वर के उत्तम वचन का और* आने वाले युग की सामर्थों का स्वाद *चख* चुके हैं।
>
> ... *वे भटक जाएं, फिर से* खुद को *नया बनाना अनहोना है...*

सुनना उसने क्या कहा।

> ... क्योंकि *जो भूमि वर्षा... के पानी को जो उस पर* बार बार पड़ता है, ताकि इसे पानी दे और इसे यहाँ सिंचने के लिए, इसे तैयार करने के लिए;
>
> *परंतु... यदि वह झाड़ी और* ऊंटकटारे उगाती *है,* तो निकम्मी होने पर है;...
>
> अब, *इसलिये आओ मसीह की* शिक्षा और सिद्धांतो *की बातों को छोड़ कर, आओ हम सिद्धता की ओर आगे बढ़ते जाएं; ना ही फिर से मरे हुए कामों से मन फिराने की नीव डालते हुए...* और परमेश्वर की ओर विश्वास और इत्यादि।
>
> ... और बपतिस्मा की शिक्षा,... *हाथों को ऊपर रखना, और* इत्यादि;...

353 देखिए, शारीरिक विश्वासी, पहले उन दिनों में, बिल्कुल जैसे ये आज है, जो कहना पसंद करते है, "तो ठीक है, मैं कलीसिया से संबंध रखता हूं। मैंने पश्चाताप किया है। मैंने—मैंने ऊपर आकर, मैंने पाप स्वीकार किया। मुझे बपतिस्मा दिया गया है।" देखो, वे उन शारीरिक सुधारों पर बने हुए हैं। और यह क्या करता है? यह ऊंटकटारे या धतूरे को उत्पन्न करता है।

354 सिद्धता क्या करती है? यही वो गेहूं है। गेहूँ ये परमेश्वर का वचन है। वो इसे अपने वचन के नाई उपयोग करता है। यह उसका बीज है। यह उत्पन्न करता है।

355 यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपके हृदय में कौन सा बीज बोया गया है। यदि आप कलीसिया में सिर्फ इसलिए आते हैं क्योंकि आप नरक से डरते हैं, यदि आप कलीसिया में जुड़ते हैं क्योंकि आप नहीं—आप नरक में नहीं जाना चाहते, आप अब भी एक ऊंटकटारे हैं। यदि आप—यदि आप कलीसिया में सिर्फ लोकप्रिय होने के लिए जुड़ते हैं, तो आप अब भी एक ऊंटकटारे हैं। यदि आपने इन सारे औपचारिक कामो को किया हैं जो किए जाने हैं, और आपके पास बस इतना ही है, तो आप अब भी एक ऊंटकटारे हैं।

356 लेकिन एक वास्तविक, सच्चा मसीही सिद्धता की ओर आगे बढ़ता है जब तक संसार मर नहीं जाता और आप मसीह यीशु में एक नई सृष्टि नहीं बन जाते। तब, उस मनुष्य का कभी भी गिरना ये असंभव है। यही बाईबल ने कहा! देखा कि यह किस तरह से बाकी के वचन के साथ तुलना करता है? देखा कि यह इसे ठीक वहां अपने स्थान पर कैसे रखता है?

357 यहाँ किस तरह से ये कह सकता है, "एक बार बचाया गया मनुष्य कभी भी नाश नहीं हो सकता" और यहाँ आकर और कहता है, "लेकिन, यदि आप नाश हो गए हैं, या ईशनिंदा कर रहे हैं, तो यह असंभव है"? यकीनन, यदि आप ईशनिंदा करने वाले हैं, तो आप मसीही नहीं हैं।

358 "कोई भी मनुष्य, जो परमेश्वर के आत्मा के द्वारा बोलता है, यीशु को शापित नहीं कहता।" संत यूहन्ना 4... मतलब पहला यूहन्ना 4. कोई भी व्यक्ति जो मसीह की आत्मा के द्वारा बोलता है, यीशु को "शापित" नहीं कहता। परमेश्वर का हर एक आत्मा, जो कि मसीही कलीसिया में है, वो परमेश्वर के द्वारा कही हर बात से सहमत होता है।

359 हम यहाँ पढ़ते हैं, और कहते हैं, "वह हमारे अपराधों के लिए घायल किया गया था। उसके कोड़े खाने से हम चंगे हुए हैं।"

360 पुराना शारीरिक मन कहता है, "अद्भुत काम के दिन बीत चुके हैं। मैं *डॉ जोन्स* हूं।" देखा? "दिव्य चंगाई जैसी कोई चीज ही नहीं है। हृदय को छुने वाला धर्म जैसी कोई चीज ही नहीं है। आप बस एक उत्तेजित झुण्ड हैं। आप भावुक लोग हैं। देखिए, इसमें बस इतना ही है। इसमें कुछ भी नहीं है। हम प्रेस्बिटेरियन हैं। हम लूथरन हैं," या जो कुछ भी ये है। "हम जानते हैं कि हम कहां खड़े हैं।"

361 लेकिन परमेश्वर का आत्मा क्या कहता है? यीशु मसीह, वही यहाँ पर है! परमेश्वर का आत्मा "आमीन," कहता हैं। यह शीघ्र ही वचन के साथ सहमत होता है। जी हां, श्रीमान। ये ठीक वहां पर है। देखा अब मेरा क्या मतलब है?

362 "ये शारीरिक सुधार मृत्यु का काम करते हैं," पौलुस ने कहा।

363 लेकिन जहाँ जीवन आता है, यह सिद्धता, "वह जो मेरे वचनों को सुनता है, उस पर विश्वास करता है जिसने मुझे भेजा है, उसके पास अनन्त जीवन है, और कभी भी दोषी नहीं ठहरेगा, लेकिन मृत्यु से जीवन में प्रवेश कर चुका है। मैं उसे सनातन का जीवन दूँगा, अंत के दिनों में उसे जिला उठाऊँगा। पिता ने जिस किसी को मुझे दिया है वे सब मेरे पास आयेगे, और उनमें से कोई भी नाश नहीं होगा।" नहीं हो सकता।

364 तो, यहाँ है यह जो करता है—यह जो करता है। लोग सोचते हैं कि इससे लोग ढीले–ढाले पड जाते हैं। भाई, आप सर्प के तेवर के नीचे परमेश्वर की सेवा नहीं करते हैं। परमेश्वर इन लोगों में से एक नहीं है, जो एक काले सांप के चाबुक के साथ है, जो आपको इधर–उधर चलाते है। वो एक पिता है। वो प्रेम है। परमेश्वर प्रेम है। और बाईबल ने संत यूहन्ना कहा, "वह जो प्रेम रखता है वह परमेश्वर का है।"

365 आप परमेश्वर से प्रेम करते है। मैं ऐसा नहीं करूंगा, क्या मैं बाहर जाकर और—और आज रात शराब पीयुंगा। मैंने अपने जीवन में कभी नहीं पीया। लेकिन यदि मैं बाहर जाकर और शराब पीता हूं, तो मुझे कोड़े खाने का डर नहीं लगेगा। यह वो कारण नहीं है कि मैं नहीं जाता—जाता, जाकर इसे नहीं करता। मेरे ऐसा न करने का कारण यह है कि मैं उससे प्रेम करता हूँ। वह मुझे प्रेम करता है। यह नियम का काम नहीं है। यह ऐसा कुछ नहीं है जो मुझे करना है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उसने पहले से ही मेरे लिए कुछ तो किया है, और मैं इसके लिए उससे प्रेम करता हूं। वहां आप है।

366 तो, उस आत्मा के साथ, जिसकी प्रतिज्ञा की गई है, "मैं उसे सनातन का जीवन देता हूं, और वे कभी भी नाश न होंगे।" क्या उसने झूठ बोला या उसने सच बताया? उसने सच बताया। तो, आप देखते हैं कि यह कैसे अनुवाद करता है? एक बार अनुग्रह में आने के बाद मनुष्य के लिए गिरना असंभव है। वह नहीं कर सकता। वह निश्चय ही गिर सकता है, लेकिन ना

ही वापस पश्चाताप करने के लिए, ना वापस स्थान पर आने के लिए और ना पुराने कामो को फिर से करने के लिए।

367 सो आप सब बेदारी से बेदारी की ओर धीरे–धीरे दौड़ रहे हो, एक स्थान और फिर दूसरा स्थान, क्या आप नहीं देखते कि आप स्थिर नहीं हैं, आप स्थापित नहीं हुए हैं? अब, निश्चित रूप से, आप कहते हैं, "भाई ब्रंहम, मैं नहीं जानता कि क्या... " निश्चय ही परमेश्वर मुझे उस सेवकाई को नहीं देगा जो उसके पास है, और मुझे गलती में रहने दे। और यदि इसे वचन के द्वारा साबित नहीं किया गया था, तब यह गलत होगा, लेकिन *यहाँ* इसका समर्थन करने के लिए वचन है। कलीसिया ने कभी कोई भी स्थान को नहीं छोड़ा।

368 लोग जाते हैं, कलीसिया में जुड़ते हैं, वाद–विवाद करते हैं, लड़ाई करते हैं, बैचेन करते हैं, और—और हर एक चीज करते है, और बस किसी भी प्रकार का शारीरिक जीवन जीते है, "ओह, हाँ, मैं एक मसीही हूँ।"

369 मैंने आज एक छोटी सी महिला के अंगीकार को सुना, जिसने मुझे बताया कि उसका पति एक पुरुष के साथ भागता फिर रहा था। उसने उन्हें, जगह–जगह पकड़ा। और महिला कहती है, "मैं आपको बताना चाहुंगी, 'मैं एक मसीही हूँ।'" उम–हुंह।

370 यहाँ पर जिमी ओसबोर्न को देखें, यहाँ रविवार की सुबह प्रचार करते हैं; और बूगी–वूगी, रॉक–एंड–रोल्ड नाच और सब कुछ, पूरे सप्ताह भर करते है।

371 एल्विस प्रेस्ली को देखें, जो यहूदा इस्करियोती का 1947 का संस्करण है, जो असेंबलीस ऑफ गॉड की सभाओं में शामिल होता है, पेंटीकोस्टल, पवित्र आत्मा के लिए अन्यभाषा में बोलते है, और पिछले पचास वर्षों में जितने भी सारे लूटपाट हुए हैं, उसकी तुलना में उन से भी अधिक प्राणों को यातना के लिए भेजा है। दुनिया भर के छोटे–छोटे किशोर उम्र के बच्चों के दिमाग को दूषित किया है, इतना तक कि छोटी–छोटी लड़कियां उनके अंदर के वस्त्रो को लेकर मंच पर फेंकतीं है, जिससे कि वो हस्ताक्षर करे। इतना अश्लील कि वे उसे टेलीविजन में उसकी कमर से नीचे, नहीं दिखाते है जिस तरह से उसका शरीर होता है। पवित्र आत्मा, प्रमाण के लिए अन्य जुबान में बोलता है? ओह, भाई, यदि पवित्र आत्मा वहां होता था, तो वह

ऐसा कार्य नहीं करता। आप उस से बेहतर जानते है। बिल्कुल ही नहीं। परमेश्वर साफ़ और शुद्धता और पवित्रता को पसंद करता है।

372 मैं स्वयं को मसीही बनाने के लिए साफ़ और शुद्ध और पवित्र कार्य नहीं करता। लेकिन मसीह, मुझ में, वो मुझ में रहता है। और उससे प्रेम करता हूँ। और यदि मैं कुछ भी गलत करता हूं, तो यह मुझे दोषी ठहराता है। ठीक तभी मैं कहूंगा, “परमेश्वर मुझे क्षमा करे।” हर एक दिन, मैं हर दिन क्षमा माँगता हूँ। और आप भी ऐसा ही करते हैं। निश्चित रूप से, आप करते हैं।

373 लेकिन अब यदि आप—यदि आप शारीरिक हैं, तो आप बस पीछे रुके रहते है, कहते है, “आह, तो ठीक है, यह अच्छी बात है, मैं कलीसिया से संबंध रखता हूं।” देखा? और फिर जब आप ईशनिंदा करते हैं, ऐसा तब होता है जब आपके पास वो विश्वास नहीं होता जो एक बार संतों को सौंपा गया था। तब आप उसका मज़ाक उड़ाते है, और इसे “एक दुष्ट आत्मा,” कहकर बुलाते है। कहते है, “यही पवित्र शोर शराबा करने वालो का झुण्ड है।” उसके बाद, आप अपने आप को अनुग्रह और न्याय के बीच अलग करते हैं, तब आप हमेशा के लिए समाप्त हो जाते हैं।

374 यीशु ने कहा, “इसके विरोध में एक शब्द को कहना, इस दुनिया में या आने वाले दुनिया में कभी क्षमा नहीं किया जाएगा।” और एक मसीही, जो आत्मा से जन्मा है, उसके बारे में बुरा नहीं कह सकता, क्योंकि ये नहीं कर सकता। यह इससे सहमत होता है। यह सही बात है।

375 यही वो कारण है कि लोग मुझे यह बताने की कोशिश करते हैं कि वो आग का स्तंभ, जो यहां हमारे साथ दिखाई देता है, वे कहने की कोशिश करते हैं कि, “वो शैतान था,” वह, “ये बस कल्पना थी,” यह सब। लेकिन कैमरे ने इसे साबित कर दिया कि ऐसा नहीं था। और वे काम बिल्कुल बाईबल अनुसार थे, वही आग का खंभा जो पौलुस से दमिश्क के रास्ते में मिला था। ये सारे काम जो उसने वहाँ पहले किए, वो इसे ठीक उसी तरह से कर रहा है, बाईबल से। यह मसीह है, वो परमेश्वर का पुत्र।

376 और जब हम फिर से जन्म लेते हैं, तो हमारे पास सनातन का जीवन होता है, और हम नष्ट नहीं हो सकते। एक मनुष्य के लिए गिरना असंभव होगा। यही है जो बाईबल कहता है।

377 अब सुनना, देखो पौलुस क्या कहता है। मैं इसके बाकी के भाग को पढूंगा, और देखूंगा कि क्या अब यह सही नहीं दिखाई देता है। आइये आगे बढ़ते हैं, बस एक मिनट। आठवां पद।

> *पर यदि वह झाड़ी और ऊंटकटारे उगाती है, तो निकम्मी और स्रापित होने पर है; और उसका अन्त जलाया जाना है।* (यही अविश्वासी है।)

378 अब पौलुस को देखें। "लेकिन, प्रिय,... " अब वह उनके बारे में बात कर रहा है, नियम के तहत वापस आने की कोशिश कर रहा है, आप जानते हैं, नियम के सारे कामो को करने की कोशिश कर रहे हैं, अब भी वे उतने ही औपचारिक या अनुष्ठान हैं जितने वे हो सकते हैं। उनके पास बपतिस्मे और हाथ रखना, और ये सारी चीज़ें हैं।

> *लेकिन, प्रिय, तौभी तुम्हारे विषय में हम इस से अच्छी बातों का भरोसा करते हैं,...*

वहां आप है। अब उसकी बात को सुनना।

> ... *और चीजें जो उद्धार के साथ आती हैं, हालांकि—हालांकि इसके* माध्यम *से हमने इस प्रकार* बात की।

> *क्योंकि परमेश्वर अन्यायी नहीं, कि तुम्हारे* काम *और उस प्रेम के* परिश्रम *को भूल जाए, जो तुम ने उसके नाम* के लिये *इस रीति से दिखाया, कि* तुमने *पवित्र लोगों की सेवा की है, और कर भी रहे हो।*

379 देखा कि वह किस बारे में बात कर रहा है? वह मसीही लोगो के गिरने की बात नहीं कर रहा है, कि उनके लिए वापस आना असंभव है। वह शारीरिक विश्वासियों के बारे में बात कर रहा है जो सुधारक के तरीके से होकर जाते हैं। "लेकिन," उसने कहा, "आपके लिए जो फिर से जन्मे थे, आप जो मसीही हैं, प्रियो, आपके विषय में हम अच्छी बातों का भरोसा करते हैं। आप उन चीजों को नहीं कहते हैं। आप उस तरह का जीवन नहीं जीते हैं। आप मसीह के साथ सुरक्षित हैं।"

उसने यहाँ पीछे क्या कहा? अब आइए हम इब्रानियों 10 की ओर जायेंगे, जहां हम आज सुबह फिर से थे। [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]

380 अब हम फिर से इफिसियों 4:30 की ओर वापस जायेंगे। और आइए इसे लेंगे, बस एक मिनट, और देखें कि यह क्या कहता है, इसका समर्थन करने के लिए, वचन को वचन के साथ जोड़ने के लिए। इफिसियों 4, आइए हम देखें। इफिसियों 4:30। आइए पढ़ें और देखें कि यह क्या कहता है। सुनना।

... परमेश्वर के पवित्र आत्मा को शोकीत ना करो,...

हमने कैसे—कैसे शरीर में बपतिस्मा लिया? एक आत्मा से।

... परमेश्वर के पवित्र आत्मा को शोकित मत करो, जिस से तुम पर छुटकारे के दिन तक के लिये छाप दी गई है।

यह सही है? आप पवित्र आत्मा के बपतिस्मे के द्वारा मसीह की देह में मोहरबंद हैं, ना ही एक बेदारी से दूसरे बेदारी तक, लेकिन देह के छुटकारे के दिन तक। यही है जो आप है। तो, वहां आप किसी भी तरह से नाश नहीं हो सकते है।

381 आप डर जाते है। और यही कारण है डरते, डरते है, डर के साथ संदेह आ जाता है।

प्रेम के साथ विश्वास आता है। मैं अपने पिता से प्रेम करता हूँ। मैं उनसे डरता नहीं हूँ, क्योंकि मैं उनसे प्रेम करता हूँ। वह मुझे दुःख नहीं पहुंचायेगा। वह मेरे लिए भला करेगे। यदि मैं उनसे डरता हूँ, और, "ओह, मैं नहीं जानता कि वो ऐसा करेंगे या नहीं।" देखा?

382 लेकिन यदि मैं उनसे प्रेम करता हूँ, "हाँ, पिता, मैं—मैं आपसे प्रेम करता हूं। और मैं जानता हूँ कि आप—आप मेरे पिता हो, और आप मुझसे प्रेम करते हो, और मैं डरता नहीं हूं लेकिन आप अपने वचन को पूरा करेंगे। यह आपकी मुझसे प्रतिज्ञा है।" इसी तरह से परमेश्वर का आत्मा करता है।

383 "लेकिन, ओह, यदि मैंने *ऐसा* किया, यदि मैंने *वैसा* किया।" देखो, वहां आप फिर से नियम के तरफ आते हैं। कभी भी नियम की तरफ न जाएं। यह नेगेटिव है।

384 वास्तविक तरफ वो है जो आप चाहते हैं। यह पहले से ही पूरा हुआ काम है। मसीह मरा, और जब वो मरा तो पाप ख़त्म हो गया। और यदि परमेश्वर ने आपको अनन्त जीवन के लिए पहले से ठहराया है, "जिस

किसी को पिता ने मुझे दिया है, वे सब मेरे पास आयेंगे।" आप वहाँ हो, नाश नहीं हो सकते। आप हमेशा के लिए सुरक्षित हैं। "क्योंकि एक आत्मा के द्वारा हम सब ने एक देह में बपतिस्मा लिया है, और एक बलिदान के द्वारा उसने हमेशा के लिए सिद्ध किया है।" वहां आप हो। हम किसी भी तरीके से नहीं खो सकते है। सही तरह से। अब, क्या यह आपको अच्छा महसूस करने को नहीं लगाता है?

385 अब, आप कैसे जानते हैं कि आप एक मसीही हैं? जब आपकी आत्मा उसकी आत्मा के साथ गवाही देती है, जब परमेश्वर का प्रेम आपके हृदय में होता है, जब आपके पास प्रेम, आनन्द, शान्ति, सहनशीलता, दयालुता, धीरज, भलाई, नम्रता होती है। यही है जब आप... आत्मा के फल आपके जीवन के पीछे–पीछे आते हैं।

386 ना ही इसलिए कि आप आत्मा में नाच सकते हैं, ओह, इस आधुनिक लय में, इसे पियानो पर बजा सकते है, इसमें से बहुत से यहाँ आत्मा में नाच रहे है। वे चीजें ठीक हैं। लेकिन उन्होंने सारी बात को उस नियम की तरफ ले लिया है, देखो, और इसलिए, उन्होंने परमेश्वर की आत्मा को पीछे छोड़ दिया है।

387 यही वो कारण है कि जब परमेश्वर ने अपने आप को प्रकट करना आरंभ किया, उन्होंने कहा, "बेकार की बात है। हम नहीं चाहते कि इससे कोई लेना–देना रखे।" वे परमेश्वर को नहीं जानते। उन्होंने इसे कभी भी नहीं देखा है। वे इसे नहीं समझ सकते, क्योंकि वहां पर एक अलग ही जीवन है। वो नहीं जानता, ऊँटकटारा या धतूरा नहीं जानता कि गेहूं क्या कर रहा है। वो एक अलग ही जीवन है।

388 इसी तरह से एक मसीही के साथ होता है, शारीरिक विश्वासी के लिए, अंगीकारकर्ता, जो वहां जाकर और अंगीकार करता है, "ओह, हाँ, मैं एक मसीही हूँ।" उसके मुंह में एक बड़ा सिगार होता है, एक टेक्सास के कटे सींग वाले बैल की तरह।

389 एक महिला उसके छोटे कपडे पहने हुए कहती है, "ओह, हाँ, मैं कलीसिया की सदस्य हूँ। निसंदेह मैं हूँ।" आपके फल साबित करते हैं कि आप शारीरिक के अलावा और कुछ नहीं हैं। यह सही बात है। निश्चित रूप से, ऐसा है। वहां केवल एक ही चीज़ है जो कि इसके लिए अनुमति देती

है: यह या तो मानसिक कमी के कारण है या आप पर कामुकता की आत्मा है। यह सही बात है।

390 यदि आप संसार की तरह काम करना चाहते हैं, तो बाईबल ने कहा, "यदि आप संसार से या संसार की चीजों से प्रेम करते हैं, तो परमेश्वर का प्रेम आप में है भी नहीं।" तो आप वहाँ हो।

391 अब आप कहते हो, "ओह, बाईबल ने कहा है, तो मुझे ऐसा अवश्य ही करना होगा।" नहीं, ये ऐसा नहीं है। यहाँ पर बने रहे जब तक मसीही आपके लिए कुछ नहीं कर लेता है, जो आपमें से इसे दूर कर देता है। तब आप परमेश्वर के आत्मा से जन्म लेते है। यह ऐसा नहीं कि आप जो करते हैं, ये तो वो है जिसने आपके लिए किया है। जब तक आप एक प्रेम को न पा ले कि आप मृत्यु से पार होकर जीवन में प्रवेश कर चुके हैं। और उसके बाद आप अपने जीवन को देखे, क्या ये—क्या ये समय को गंवाता है। इसलिए नहीं क्योंकि आप अपने जीवन बनाने की कोशिश करते हैं, लेकिन इसलिए कि परमेश्वर आपको अपनी आत्मा के अधीन लेकर आता है। यह आप स्वयं नहीं है जो परमेश्वर के मार्ग में अगुवाही कर रहे हैं। यह तो परमेश्वर है जो अपने तरीके से आपकी अगुवाई कर रहा है। ना ही आप अगुवाही कर रहे हैं, लेकिन परमेश्वर अगुवाही कर रहा हैं।

392 अब इसे देखिए, अब जैसे हम अंत की ओर आगे जाते हैं। 11वा पद।

> *और हम बहुत चाहते हैं, कि तुम में से हर एक जन अन्त तक पूरी आशा के लिये ऐसा ही प्रयत्न करता रहे:*
>
> *ताकि तुम आलसी* न हो *जाओ; वरन उन का अनुकरण करो, जो विश्वास और* धीरज *के द्वारा* प्रतिज्ञाओं *के वारिस होते हैं।*

393 अब, यहाँ बस एक और ध्यान देने वाली बात है।

> *क्योंकि जब परमेश्वर ने अब्राहम को प्रतिज्ञा देते समय जब कि* शपथ *खाने के लिये किसी को अपने से बड़ा न पाया, तो अपनी ही शपथ खाकर,*
>
> *कहा, कि मैं सचमुच तुझे अशिषो में आशीष दूंगा, और तेरी सन्तान को बढ़ाता जाऊंगा।*

394 जब परमेश्वर अब्राहम से मिला! अब, अब्राहम ने बिल्कुल ही बिना किसी योग्यता के वाचा को पाया। वाचा अब्राहम के साथ बाँधी गई थी। यह

कुल मिलाकर पूरी तरह से अनुग्रह है। अब्राहम एक बहुत अच्छा मनुष्य नहीं था। वह एक पवित्र मनुष्य नहीं था। वह तो बस एक साधारण सा मनुष्य था। और परमेश्वर ने चुने जाने के द्वारा अब्राहम को चुना, क्योंकि परमेश्वर ने उसे चुना था; ना ही इसलिए कि अब्राहम इसे चाहता था, क्योंकि ना तो अब्राहम ने *ऐसा* किया, क्योंकि ना तो वह एक अच्छा मनुष्य था, क्योंकि ना ही उसके पास कुछ भी योग्यता थी। लेकिन यह परमेश्वर का चुनाव था। परमेश्वर ने अब्राहम को ले लिया।

395 आज, जैसा मैंने कहा, मैं विश्वास करता हूं, “हम अपने प्रचारकों को चुनते हैं।” हम यहाँ—वहां जाते हैं, कहते हैं, “तो, एक डीकन छोड़ कर चला गया। आओ हम उसके स्थान को लेने के लिए इमारत में सबसे अच्छे व्यक्ति को ढूंढे.। तो, पास्टर छोड़ कर चला गया; आओ हम ढूंढे, हमें सबसे अच्छा मिल जायेंगा।” कभी—कभी यह सही नहीं होता है।

396 जब उन्होंने यहूदा के स्थान को लेने के लिए एक व्यक्ति को चुना, तो उन्हें गलत व्यक्ति मिल गया। उन्हें एक सज्जन व्यक्ति मिला, मत्तिय्याह, जो एक बड़ा धर्म शास्त्री, एक विद्वान, एक व्यवहार कुशल था। उन्होंने कहा, “वो बस वास्तव में उस स्थान को ले लेगा। भाई, वह एक खरे मनुष्य की तरह दिखाई देता है।” लेकिन यह परमेश्वर की पसंद नहीं थी। और उस ने उस मनुष्य को लिया, और उस ने परमेश्वर के लिये कभी कुछ नहीं किया था।

397 लेकिन परमेश्वर ने एक छोटे, शीर्ण ऊंचे मिजाज के, नोकीले नाक वाले यहूदी को चुना जो उसके चेहरे के भाव के साथ वहां आता हैं, “मैं वहां पर जाऊंगा। मैं उन्हें गिरफ्तार कर लूंगा।”

398 परमेश्वर ने कहा, “मैं उसमें कुछ तो देखता हूँ। मैं उसका उपयोग करूंगा।”

399 और परमेश्वर तब उसके सामने उसी तेज प्रकाश में प्रकट हुआ। और उसने कहा, “आप कौन हैं, प्रभु? ”

400 कहा, “मैं यीशु हूँ। इसलिए, तुम्हारे लिए अधिकार पाए लोगो के खिलाफ लड़ना कठिन है। तुम मुझे क्यों सता रहे हो? ” इस तरह से, और परमेश्वर ने *उस* मनुष्य को ले लिया और उसे सबसे महान पुरुषों में से एक बना दिया जो कि यीशु मसीह के बाद से कभी धरती के सामने आया है। यह परमेश्वर का चुनाव था।

401 आज, हम चुनाव करने की कोशिश करते हैं। आप जो कलीसियाये है, आप *इस* मनुष्य को यहाँ भेजते हैं, और *उस* मनुष्य को यहाँ भेजते है। इसे इस तरह नहीं होना चाहिए। परमेश्वर अगुवाही को करता है। यह सब में परमेश्वर है, सब में होते हुए, समस्त रूप से; ना ही जो किसी कलीसिया के कोई दस्तावेज है। ये तो वो है जो इसके बारे में परमेश्वर ने कहा, जो मायने रखता है।

402 ध्यान दे। परमेश्वर ने अब्राहम से एक प्रतिज्ञा की, बिना शर्त की। और अब, रुकना, अब्राहम को एक भी चीज को नहीं करना था। परमेश्वर ने कहा, "मैं इसे पहले ही कर चूका हूँ।"

403 परमेश्वर ने आदम से एक प्रतिज्ञा की, कहा, "आदम, यदि तुम *इसे* नहीं छूते हो, तो तुम हमेशा के लिए जीवित रहोगे। लेकिन जिस दिन तुम इसे खाओगे, उसी दिन तुम मर जाओगे।"

404 आदम ने कहा, "मैं सोचता हूँ कि फिर भी यह सब क्या है? " वह वहां पर जाता है और इसे हाथ लगाते हुए खाता है।

405 हर बार जो परमेश्वर करता है... एक मनुष्य परमेश्वर से वाचा बान्धता है, या परमेश्वर मनुष्य से वाचा बान्धता है, मनुष्य अपने कर्तव्य को तोड़ देता है। तो परमेश्वर को कुछ करना था, क्योंकि उसने देखा है कि मनुष्य क्या है। और उन्हें पहले से ठहराया गया था, वे चुने गए थे, और परमेश्वर को कुछ तो करना था। तो परमेश्वर नीचे आया और बिना किसी शर्त के अब्राहम के साथ अपनी वाचा को बाँधा। यदि यह बिना शर्त नहीं होता, तो अब्राहम नाश हो गया होता, बहुत पहले।

406 उसे गरार में बैठा हुआ देखे, पिछड़ा हुआ, झूठ बोल रहा है। और अपनी पत्नी को किसी दूसरे पुरूष के हाथ में करने के लिए, ताकि उसका अपना शरीर बचा रहे। क्या मनुष्य है! वहाँ पर बैठा हुआ है, और पिछड़ा हुआ। परमेश्वर ने उसको बताया, कहा, "तुम यहाँ से छोड़ कर मत जाना। यहीं बने रहो।" अकाल के कारण उसे वहां से जाना पड़ा। वह भटक कर वहां गया जहाँ जाना आसान था। आप जानते हैं कि उस एक व्यक्ति के साथ क्या होता है जब वह आसान रास्ते को अपना लेता है।

407 वह इधर–उधर भटकता रहा, वहाँ पर जहाँ घास हरी थी। और जब वह वहां पर गया, तो उसने उस राजा से कहा, कि उसकी पत्नी उसकी बहन है, जिससे कि अपनी खाल को बचा सके। अब, यह एक झूठ था।

और कोई भी पुरूष उसकी पत्नी को ले जाकर किसी दूसरे पुरूष के हाथ दे देता है, अपनी खाल को बचाने के लिए! वहाँ पर वो एक छोटे से तंबू में बैठा हुआ था, पिछड़ा हुआ, झूठ बोल रहा था, और उसके बाहर... पूरी तरह से प्रतिज्ञा और हर चीज से अलग हो गया था, लेकिन वह अब भी परमेश्वर का नबी था।

408 और वहां अबीमेलेक था, वह एक अच्छा, पवित्र मनुष्य था। निश्चय ही, हर रात उसकी प्रार्थना को करता था। सौ वर्ष की इस दादी को देखा, वहाँ नीचे आती है, जो सुंदर और फिर से जवान थी। उसने कहा, “यही है वो लड़की जिसका मैंने इंतजार किया है, इसलिए मैं अब उससे विवाह करूंगा।”

409 अब्राहम ने कहा, “आप उससे विवाह कर सकते हैं। वो मेरी बहन है।”

वो कहती है, “वो मेरा भाई है।”

410 सो वह उसे वहां पर ले गया, और स्त्रियों से पूरी तरह से उसे नहलाने को कहा और—और अच्छे कपड़े पहनाने को कहा, और उसे एक—एक राजकुमारी की तरह तैयार करने के लिए। तब उस ने बिछौने पर लेटकर प्रार्थना की, और उसके पांव को घुमाया और कहा, “कल, मैं उस खूबसूरत इब्रानी लड़की से विवाह करूँगा, जो—जो वहाँ उस लड़के की बहन है। ओह, यह बहुत ही अच्छा होगा। हे प्रभु, आप जानते है कि मैं आप से कितना प्रेम करता हूं! जी हां, श्रीमान। अद्भुत!”

411 और परमेश्वर ने कहा, “तुम लगभग एक मरे हुए मनुष्य की जैसे हो।” हूँ–हुंह!

412 [भाई ब्रन्हम खांसते है—सम्पा।] (मुझे क्षमा करें।) अब्रा–... क्यों, अब्राहम वहाँ पर बैठा हुआ था, झूठ बोल रहा था, पिछड़ा हुआ। और यहाँ पर यह मनुष्य था, एक ईमानदार और धर्मी और सीधा–साधा मनुष्य। “क्यों,” उसने कहा, “हे प्रभु, आप मेरे हृदय की सच्चाई को जानते है। क्या उसने मुझे नहीं बताया, वह उसकी ‘बहन’ थी?”

413 कहा, “मैं तुम्हारे हृदय की सच्चाई को जानता हूँ। यही कारण है कि मैं तुम्हें मेरे विरुद्ध पाप करने से रोक रहा हूँ। यह सही बात है। मैं तुम्हारे हृदय की सच्चाई को जानता हूँ। लेकिन उसका पति मेरा भविष्यव्यक्ता है।” हाल्लेलुय्या! ओह, यह अनुग्रह नहीं तो और क्या है? “पीछडा हुआ, झूठ बोल रहा है, और वहाँ बैठा हुआ है, लेकिन वह अब भी मेरा भविष्यव्यक्ता

है। तुम एक भेंट को लेना, और उसके पास जाओ, और उसकी पत्नी को वापस ले जाओ, या तो तुम एक मरे हुए मनुष्य हो। मैं अब और तुम्हारी प्रार्थना को नहीं सुनूंगा। उसे तुम्हारे लिए प्रार्थना करने दो।" आमीन। आप वहां हो। "वह मेरा भविष्यव्यक्ता है।"

अब आप कहते हो, "ओह, काश मैं अब्राहम होता।"

414 "यदि हम मसीह में मरे हैं, तो हम अब्राहम के बीज हैं, और प्रतिज्ञा के अनुसार वारिस हैं।" सही है। यही है जो बाईबल ने कहा। क्या आप इसे पढ़ना चाहेंगे? क्योंकी, बाईबल ने कहा कि—कि प्रतिज्ञा केवल अब्राहम और उसके बीजो के लिए ही नहीं थी। जैसे कि आप... अब्राहम के बहुत से बीज थे, निश्चित रूप से, बहुत सारी संतान। इश्माएल उसकी संतान था। सारा के मरने के बाद उसके सात या आठ बालक हुए, एक दूसरी स्त्री कतूरा से। लेकिन देखो, वह बीज जो एक प्रतिज्ञा किया हुआ था, जो कि इसहाक था। और इसहाक के द्वारा मसीह आया, और मसीह के द्वारा हम आए। प्रतिज्ञा बिना शर्त की है।

415 अब, अब्राहम के बारे में क्या? क्योंकी, वो चला गया होता, उसके लिए फिर से कभी वापस आना असंभव था। निश्चय ही। शाऊल के लिए फिर से कभी वापस आना असंभव था, यदि ऐसा है, तो आपको वचन को उस तरह से पढ़ना होगा। देखा? लेकिन ऐसा नहीं था। परमेश्वर की प्रतिज्ञा हमेशा के लिए दृढ़ बनी रहती है।

416 आइए यहां सिर्फ एक मिनट पढ़ें। मैं चाहता हूं कि आप इसे पढ़ें। मैं चाहता हूं कि आप गलातियों 3:16 पर जाये, और इसे पढ़ें, और अब देखें कि प्रतिज्ञा क्या है, और देखे कि क्या—क्या हम उसकी प्रतिज्ञा हैं या नहीं, 3:16। यहाँ सुनना। तो ठीक है। मैं 15वा पद भी पढ़ने जा रहा हूँ।

> *हे भाइयों, मैं मनुष्य की रीति पर कहता हूं, कि मनुष्य की वाचा भी जो पक्की हो जाती है, तो न कोई उसे टालता है, और न उस में कुछ बढ़ाता है।*
>
> *निदान, अब्राहम और उसके बीज या सीड को* (बीज, एस–डबल ई–डी।), *उसके बीज के लिए* प्रतिज्ञा *की गयी थी।*

"अब्राहम और उसके बीज के लिए।" अब देखो।

वह यह नहीं कहता, कि तेरे बीजो को (बहुवचन), *जैसे बहुतों के विषय में कहा, पर... जैसे एक के विषय में, कि तेरे वंश को और वह मसीह है।*

417 तब, मसीह अब्राहम का बीज था। "और हम मसीह में मरे हैं, और उसके देह में बपतिस्मा लिया है, हम अब्राहम के बीज हैं, और प्रतिज्ञा के वारिस हैं।" फिर ऐसा किस तरह से है, आप भला कैसे कभी गिरेंगे, यदि परमेश्वर ने आपसे प्रतिज्ञा की है? आप भला कैसे कभी पीछे हट सकते है, और दूर जा सकते हैं और इसके लिए नरक में जाना पड़े?

418 अब आप कहते हो, "अच्छा, क्या हम पीछे नहीं हट सकते?" बिल्कुल। और जब आप पीछे हटते हैं, तो आप इसे प्राप्त करेंगे, आप चिंता न करें। अब्राहम ने इसे पा लिया, और बाकी के लोगों ने पा लिया, और आप इसे पा लोगे। आप मत सोचना कि यह आपको पाप करने का अधिकार देता है। यह ऐसा नहीं करता है। आप जो कुछ भी करते हैं उसके लिए आप भुगतान करेंगे। आप जो बोयेंगे वही काटेंगे। आप एक छोटा सा पाप करते हैं और आप पूरी बाल्टी भर के काटेंगे। यह सही बात है। लेकिन, भाई, इसका मतलब यह नहीं है कि आप नाश हो गए हैं। यह बिल्कुल सही है। अब्राहम ने बिल्कुल वही काटा जो उसने बोया था। यह सही बात है। लेकिन वह फिर भी बचा हुआ था।

419 वह वाचा जो परमेश्वर ने इस्राएल के साथ बान्धी: उन्होंने उनके उत्तराधिकार को खो दिया, उन्होंने प्रतिज्ञा किए हुए देश को खो दिया और मिस्र में चले गए, लेकिन उन्होंने उनकी वाचा को नहीं खोया। परमेश्वर ने कहा, "मुझे अब्राहम से की गयी अपनी प्रतिज्ञा याद है। मुझे याद है, और मैं अपने लोगों को छुड़ाने नीचे उतर आया हूँ। मूसा, वहां पर जाओ, और फिरौन से कहो, कि मैं ने कहा, 'मेरे लोगों को जाने दो।' मुझे याद है कि मैंने अब्राहम और उसके बीज से एक प्रतिज्ञा की थी।"

420 यही बात हमारे साथ भी है। सो यदि तुम मरे हुए हो, और तुम्हारा जीवन मसीह में से होते हुए परमेश्वर में छिपा हुआ है, तो संसार में ऐसा कुछ भी नहीं है जो तुम्हे छू सके। अब, आप जाकर और गलत कर सकते हैं, लेकिन यदि आप वास्तव में, सचमुच परमेश्वर की संतान हैं, और आप देखते हैं कि आपने गलती की है, आप उठेंगे और फिर से कोशिश करेंगे। यह सही है, और आप वहीं पर पड़े नहीं रहेंगे।

421 लेकिन यदि आप डरपोक हैं, यदि आप एक ऊँटकटारे हैं, यदि वहां कोई आपके लिए "उठ जाओ" नहीं है, आप कहेंगे, "आह, ठीक है, वैसे भी इसमें कुछ भी नहीं था।"

422 परमेश्वर का राज्य उस के समान है, जैसे कोई मनुष्य जाल को लेकर और समुद्र के पास गया, और उसमें डाला। जब वह आया, तो उसके पास कछुए, मेंढक, सांप, छिपकली, मकड़ियां और मछलियां थीं। यही वो सुसमाचार है जब इसका प्रचार किया जाता है।

423 जैसे प्रभु एक सेवक से कहेंगा, जैसे भाई ग्राहम, "*यहाँ* उस ओर जाओ। *इस* कोने पर जाओ और कुछ समय मछली को पकड़ो, भाई ग्राहम।" तो ठीक है, वो अपने जाल को लेता है और वहाँ पर जाता है और जाल को फेंकना शुरू करता है।

"आप कहाँ जा रहे हो, भाई बिल? "

"मैं कहीं तो और जा रहा हूँ, और *इस* कोने पर डालने जा रहा हूँ।"

424 मैं खींचता हूँ, "वहाँ वे हैं, प्रभु, आप जानते हैं कि वे क्या हैं।" मैं फिर से जाल खींचता हूँ, "तो ठीक है, वे यहाँ हैं, प्रभु।"

425 अब, कछुआ तो एक कछुआ था, शुरू से ही। तुम अभी जाल में फंसे हो। यह सही बात है। और इस तरह लोग भावनाओं में फंस जाते हैं, "ओह, हाल्लेलुय्या! हाल्लेलुय्या! प्रभु की स्तुती हो! परमेश्वर की महिमा हो! हाल्लेलुय्या!" वे अभी जाल में फंस गए है, ऐसा ही है।

426 यदि वो पुराना कछुऐ का आत्मा उनमें है, तो यह ज्यादा समय नहीं रहेगा, वे कहते हैं, "ठीक है, मैं तुम्हे बताता हूँ,… " यहाँ वह चला जाता है, वापस रेंगता हुआ।

427 और बूढ़ी स्त्री केकरी कहेगी, "लेकिन मैं बस यह नहीं समझ सकती।" देखा?

428 कुमारी स्पाइडर वहाँ थोड़ी देर बैठती है, वह चली जाती है "प्लॉप, प्लॉप, प्लॉप, " सीधे वापस, "खैर, वैसे भी इसमें कुछ भी नहीं था।"

429 कुमारी सर्प कहेगी, "ओह, वो पवित्र शोर शराबा करने वालो का एक झुण्ड हैं। बस इसमें वहां बस इतना ही है। मैं वहां नीचे चली जाऊंगी जहां उन्हें इससे बेहतर समझ है।" क्योंकि, शुरू से ही, तुम एक सर्प हो। सुसमाचार के जाल ने बस तुम्हे पकड़ा है, बस इतना ही है।

430 लेकिन मछली को स्वामी की मेज पर ले जाया जाता है। वह आरंभ से ही एक मछली थी। उसका बीज एक मछली था। उसने एक मछली से ही आरंभ किया, और परमेश्वर उसकी मछली को दुनिया की नींव डालने से लेकर जानता था। हाल्लेलुय्या!

431 याद रखें, वे सभी वहां उसी गंदे पानी में सांस ले रहे हैं। वे सभी उस एक ही नाले से सांस ले रहे हैं। यह सही बात है। "हम सब ने... उसी आत्मिक चट्टान में से पीया। जंगल में सबने मन्ना खाया।" कालेब और यहोशू एक ही मन्ना को खाते हैं जो—जो कि बाकी लोग खाते हैं। और वे सब जंगल में गिर गए। लेकिन वहाँ पर जाने के लिए दो चुने हुए थे, और वे चले गए। यह सही बात है।

432 "हम सब एक ही झरने से जल पीने के लिए बने हैं।" लेकिन ऐसा नहीं सब जो पीते है बच जायेंगे। हम सब मिलकर चिल्लाते है। हम सब एक साथ आनन्दित होने के लिए बने हैं। लेकिन चुने हुओ को बचा लिया जाता है। क्या आपने ध्यान दिया? इसने कहा, "दो आत्माएं, अंतिम दिनों में, इतनी नजदीक होंगी कि यदि संभव हो तो यह बिल्कुल चुने हुए को भी भरमा दे," *यदि* संभव हो तो। समझे? यही परमेश्वर की सच्ची आत्मा है, जिसे अनन्त जीवन के लिए चुना गया है।

433 अब हम बंद कर रहे हैं। फिर भाई नेविल वहीं से आरंभ करेंगे जहां से मैं यहाँ छोड़ रहा हूँ। तो ठीक है।

> *पर मैं यह कहता हूं कि जो वाचा परमेश्वर ने मसीह में पहले से पक्की की थी, वो व्यवस्था, चार सौ वर्ष की थी, उस को व्यवस्था चार सौ तीस बरस के बाद आकर नहीं टाल देती, कि प्रतिज्ञा व्यर्थ ठहरे।*

इससे पहले की व्यवस्था कभी अस्तित्व में आती, यही वह प्रतिज्ञा है जो परमेश्वर ने अब्राहम को दी थी।

> *क्योंकि यदि—यदि मीरास व्यवस्था से मिली है, तो फिर* प्रतिज्ञा *से नहीं, परन्तु परमेश्वर ने अब्राहम को प्रतिज्ञा के द्वारा दे दी है।*

ना ही आप कुछ भी नहीं करने के द्वारा, ना ही किसी भी व्यवस्था के द्वारा, आपके कलीसिया के किसी नियम से, कलीसिया में जुड़ने से, या

ना ही किसी अन्य नियम से। यह आपके लिए पूरी तरह से परमेश्वर के अनुग्रह का कार्य है। वहां आप है।

434 देखना।

> *तब फिर व्यवस्था क्यों दी गई? वह तो* अपराधों *के कारण बाद में दी गई, कि उस बीज के आने तक रहे, जिस को प्रतिज्ञा दी गई थी;...*

क्या यह बिल्कुल मेरे चेहरे पर नाक की तरह साधारण नहीं है? "इसे दिया गया था, सेवा करने के लिए जब तक कि बीज नहीं आ गया, जो कि मसीह था, जिसकी प्रतिज्ञा की गयी थी।"

> *... और वह दूतों के द्वारा एक मध्यस्थ के हाथ में ठहराई गई।*
>
> *मध्यस्थ तो एक का नहीं होता, परन्तु परमेश्वर एक ही है।*

435 अब, मैं यहीं पर, ठीक वहाँ शुरू से, भाई नेविल के लिए छोड़ रहा हूँ, इस आने वाले बुधवार के लिए।

436 अब आप समझ गए जो हमने कहा है? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।] यह फिर से जन्म पाए हुए मसीह के लिए पूरी तरह असंभव है कि... मेरा अर्थ यह नहीं है, अब, वह खुद को "फिर से जन्म पाया" *बुलाता* हो। मेरा अर्थ एक सच्चे, नया जन्म पाए हुए मसीह से है, कि वो कभी भी अनुग्रह से गिरे, वह ऐसा नहीं कर सकता। वह गिर सकता है, यह सही है, लेकिन वह उस अनुग्रह से कभी भी बाहर नहीं जा सकता।

अब्राहम अनुग्रह से गिर गया। निश्चय ही, वो गिरा। परमेश्वर ने उससे कहा "वहीं बने रहो।" वह उसमें से बाहर आ गया, लेकिन उसने अपनी वाचा को कभी नहीं खोया। वह अब भी परमेश्वर का चुना हुआ था। वह वहाँ बैठा हुआ एक भविष्यव्यक्ता था। वह हमेशा ही था। वह हमेशा ही परमेश्वर का रहेगा।

437 अब ध्यान दे। बाईबल ने कहा, कि, "सारा इस्राएल बच जाएगा।" यह कितने लोग जानते हैं? बाईबल ने कहा, "सब इस्राएली बच जायेंगे।" अभी, "इस्राएल, इस्राएल नहीं है जो कि शारीरिक तरह से है, लेकिन जो आत्मिक से इस्राएल है, क्योंकि दान और बुलाहट बिना पश्चाताप के होते है।" क्या बाईबल ने ऐसा ही कहा है, जो कि बिल्कुल अगला पद है? गलातियों का। ठीक है। "सारा इस्राएल बच जाएगा। उनमें से हर एक बच

जाता है।” हम इस्राएली कैसे बनते है? “मसीह में मरे हुए होने से, अब्राहम के बीज को लेते है, और हम प्रतिज्ञा के अनुसार वारिस हैं।”

438 पौलुस ने कहा, “जो बाहरी तरह से है वह यहूदी नहीं है, लेकिन जो भीतर से है वह यहूदी है, प्रतिज्ञा किये हुए।” और हम प्रतिज्ञा के द्वारा अब्राहम के बीज हैं, मसीह में से होते हुए, उसे हमारा व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करते हुए।

439 ओह, मैं आशा करता हूँ कि आप इसे देखेंगे। मैं आशा करता हूँ कि आप इसे समझ जायेंगे, यदि आप इसके साथ थोड़ी देर तक बने रह सकते हैं। अब यहाँ पर हम इसे समाप्त करेंगे, फिर हम मल्किसिदिक पर शुरू करेंगे, जो इसमें फिर से वापस लाता है। हम सीधे शुरू करते हैं… ओह, यह बस, सारी चीज अद्भुत है। लेकिन हम बस उन सर्वोत्तम चीज़ के अंदर जाते रहेंगे।

440 अब देखो, यदि आपने इसे *यहां* से लिया, तो ऐसा दिखाई देता है, यदि आप इसे केवल ध्यान देते हुए पढ़ सकते हैं, एक वास्तविक सख्त त्रिएकता की तरह, जो विश्वास करता है कि तीन परमेश्वर हैं, एक बार मुझे बताया कि, “मत्ती 3 ने पूरी तरह से घोषित किया कि वहां तीन है, परमेश्वरत्व में व्यक्तिगत तीन व्यक्ति हैं।”

441 मैंने कहा, “मुझे इसे देखना है।”

442 उसने कहा, “देखो।” इस मंच के ठीक सामने खड़े होकर उसने कहा, “यहाँ पर देखो, मत्ती 3,” कहा, “‘जब यीशु सीधे जल में से बाहर आया, देखो, आकाश उसके लिये खुल गया, और उस ने परमेश्वर की आत्मा को पिंडुक के समान देखा। और स्वर्ग से आवाज बोल रही थी, “यह मेरा प्रिय पुत्र है, जिससे मैं अति प्रसन्न हूं।”’ और तीन थे: पुत्र किनारे पर; बीच में पवित्र आत्मा; और वहां पिता ऊपर था।”

मैंने कहा, “भाई, वचन *ऐसा* नहीं कहता है।”

“ओह, हाँ ये कहता है!”

मैंने कहा, “अब इसे फिर से पढ़ें, देखेंगे कि क्या यह कहता है।”

443 अब, यहाँ उसकी तस्वीर है। *यहाँ* है परमेश्वर, पुत्र; *वहां* परमेश्वर है, वो पिता; *यहाँ* परमेश्वर है, पवित्र आत्मा, एक पिंडुक की नाई। अब देखना। बाईबल ने कहा, जब यीशु ने बपतिस्मा लिया था, “पुत्र तुरन्त ही

जल में से बाहर आया, देखो, उसके ऊपर आकाश खुल गया। और एक आवाज बोल रही है... ” उसने परमेश्वर के आत्मा को देखा, परमेश्वर के आत्मा को पिंडुक की नाई। ना ही *वहाँ* कोई दूसरा व्यक्ति था, लेकिन यह परमेश्वर का आत्मा वो पिंडुक था जो उसके ऊपर था। और एक आवाज आती हुई, बोल रही है, “यह मेरा प्रिय पुत्र है, जिसके अंदर मैं वास करने से प्रसन्न हूं।” अब मत्ती 3 पढ़े और देखे कि क्या यह ऐसा नहीं कहता है। देखा? ना ही तीन लोग, बिलकुल नहीं।

444 और इसी तरह से... यह ऐसा नहीं कहता है कि एक मनुष्य के लिए कभी भी वापस आना असंभव है, फिर, जब वो पीछे हट जाता है। यह ऐसा नहीं कहता है। यह ऐसा नहीं कहता है। ये कहता हैं, “एक बार वहां होने के बाद, एक मनुष्य के लिए खुद को नया बनाने के लिए वापस आना असंभव है।” वो इसे नहीं कर सकता।

445 बाईबल ने कहा, “वह जो परमेश्वर से जन्मा है, पाप नहीं करता, क्योंकि वह पाप नहीं कर सकता। क्योंकि परमेश्वर का बीज उसमें बना रहता है, और वह पाप नहीं कर सकता।” मुझे भला पापी कैसे कहा जा सकता है, जब मेरे स्थान को लेने के लिए वहाँ पर एक बलिदान मारा गया है? मैं कैसे मर सकता हूं, जब मेरे लिए मृत्यु का दाम चुकाया गया है? मैं कैसे मर सकता हूँ, जब मुझे अनन्त जीवन मिला है? मैं यह कैसे कर सकता हूं? आप इसे नहीं कर सकते।

446 मेरे पास इस शहर के मेयर से लिखित अनुमति कैसे हो सकती है, कि इस शहर के रास्तो पर से साठ मील प्रति घंटा गाडी दौडा सकता हूँ, और कोई भी पुलिस वाला मुझे साठ मील प्रति घंटा दौड़ने के लिए गिरफ्तार करे? आप इसे कैसे कर सकते हैं? मेरे पास मेयर से अनुमति पत्र है जो कहता है कि मैं ऐसा कर सकता हूं। वह मुझे गिरफ्तार नहीं कर सकता। उसकी—उसकी गिरफ्तारी, वह सीटी बजा सकता है और बाकी की हर एक चीज कर सकता है, और मैं इसे बस अनदेखा कर सकता हूँ। इसका कोई मतलब नहीं है; मेरे पास अनुमति पत्र है।

447 और तब भला मैं कैसे कर सकता हूं, जब मसीह मेरे लिए मर गया और मैं उसकी धार्मिकता बन गया उसके अनुग्रह और मेरे प्रति प्रेम दिखाने के कारण? मैं भला कैसे पाप कर सकता हूँ, जब कि मेरे और परमेश्वर के बीच एक बलिदान को रखा गया है? मैं पाप नहीं कर सकता। इसे नहीं

कर सकता। परमेश्वर मुझे कभी नहीं देखता; वो मसीह को देखता है। वह मेरे स्थान पर खड़ा है। और जब मैं कुछ भी गलत करता हूं, तो मसीह मेरे स्थान को लेता है। मैंने अपने अंगीकार को किया है, "मैं गलत हूँ। वो सही है। प्रभु, आप मेरे हृदय को जानते है। आप जानते हैं कि मेरा ऐसा मतलब है या नहीं। और मैं गलत हूँ। मुझे क्षमा करे।" परमेश्वर इसे कभी नहीं देखता है। यीशु का लहू मुझे हर समय ढांके रहता है। फिर भला परमेश्वर मुझे कभी कैसे देख सकता हैं? भला मेरे लिए पाप को कैसे गिना जा सकता—सकता है, जब कि वह ऐसा नहीं कर सकता? जैसे ही मैं इसे करता हूं, इसे क्षमा कर दिया जाता है। [भाई ब्रन्हम चुटकी बजाते है—सम्पा।] यह सही है।

448 बस जैसे कि एक—एक छोटी सी *इस* तरह की कुप्पी, एक छोटी से आंख में दवाई डालने वाली कुप्पी या ड्रॉपर, और इसे काली स्याही से भरकर ब्लीच या सफ़ेद चुने के एक बाल्टी के ऊपर पकडे रहे, और इसे उसमें डाले, और फिर इसे फिर से ढूंढने की कोशिश करें। यह स्याही तब सफेदी में बदल जाती है। स्याही ब्लीच या सफ़ेद बन जाती है। और यही है, आपके अंगीकार किए गए पाप, यदि आप मसीह में हैं। आपके और परमेश्वर के बीच ब्लीच की एक भरी हुई बाल्टी है, और आपके पाप धार्मिक बन जाते है, क्योंकि वहां धार्मिक बलिदान आपके लिए प्रतीक्षा करता है।

> जब मैं उस दिन के अंत में नदी के पास आता हूँ,
> और दु:ख की आखिरी हवा बह चली है;
> वहां एक विचार है जो मुझे प्रसन्न करता है और मेरे
>   हृदय को आनंदित करता है,
> मुझे अकेले यर्दन को पार नहीं करना होगा।

449 यही एक अच्छी बात है। यही एक अच्छी बात है। मुझे इसे पार नहीं करना होगा। इन दिनों में से एक दिन, हम मार्ग के अंत में आ रहे हैं। सूरज चमकने से इंकार कर देगा, तब परमेश्वर पुकारेगा।

450 आदम पहुंचकर हव्वा को हिलाएगा, और कहेगा, "प्रिय, यहाँ है ये। यह जागने का समय है।"

451 हव्वा वहां पहुंचकर और हाबिल को पकड़ लेगी, और कहती है, "आगे बढ़ो, प्रिय। यह जागने का समय है।" हाबिल, शेत को पकडेगा। और शेत,

नूह को पकडेगा। नूह पकड़... ओह, आगे और आगे, आगे अब्राहम के पास, और आगे और आगे जब वे आते हैं। वहां एक बड़ा हिलाया जाना और जगाया जाना होगा जब परमेश्वर का पुत्र आता है। हम उस दिन उसकी समानता में खड़े होंगे।

452 अब, यदि आप यहाँ पर पाप करते हैं, तो आप इसके लिए भुगतान करेंगे। मैंने...

453 बस मेरे मन में आ रहा है, मुझे अभी इसे बताना होगा। मैंने इसे चार या पांच बार दबाने की कोशिश की है। मुझे इसे कहना ही होगा। कितने लोग इस भाई, पास्टर को याद करते हैं, जो यहाँ परमेश्वर के कलीसिया में हुआ करते थे? भाई, जो ठीक यहाँ पर था, उनका नाम क्या था? उसने वहां वोर्गांग पर काम किया। ओह, आप सब... पहली परमेश्वर की कलीसिया, ठीक यहाँ कोने पर। या, परेशानी के—के समय में रॉलेघ दवाई की बिक्री किया करते थे। एक सच्चा ईश्वरीय, संत मनुष्य था। भाई स्मिथ ने वहाँ पर उनके स्थान को लिया। मैं कुछ ही मिनटों में उनका नाम बताऊंगा। वह एक परमेश्वर के द्वारा बचाए गया मनुष्य था।

454 याद रखें, यदि आप सुधार के लिए नहीं जाते हैं, और आप एक मसीही होने पर कुछ गलत करते हैं, तो परमेश्वर आपको चेतावनी को देगा। और फिर यदि आप चेतावनी को नहीं लेते हैं, तो वह आपको सीधे धरती पर से हटा देगा। यही है जो उसने किया।

455 आपको बाईबल में याद है? उस कुरिन्थियों की कलीसिया को देखें। उसने उन्हें बताया कि उनका मसीह में क्या स्थान था। लेकिन उसने उन्हें चेतावनी दी कि क्या होने वाला है। और उन्होंने अपने आप को सुधारा, उन्होंने परमेश्वर के साथ ठीक कर लिया।

456 और यह छोटा भाई, वो एक बहुत ही अच्छा छोटा भाई था, मैं विश्वास करता हूँ, वो एक परमेश्वर के द्वारा बचाया गया मनुष्य था। और उसे यहाँ नीचे एक काम मिला... वोर्गांग में। यदि उसके कुछ लोग यहां बैठे हुए हैं, तो मैं आशा करता हूँ कि आप ऐसा नहीं सोचेंगे कि मैं... मैं नहीं जानता क्या आप यहां बैठे हुये हैं या नहीं। लेकिन, रैमसे, भाई रैमसे, कितने लोग याद हैं भाई रैमसे यहां चर्च ऑफ गॉड में थे? निश्चय ही, आपको याद होगा, बहुत ही अच्छा छोटा सा मनुष्य। और वो अक्सर मेरे घर आता था और

हम साथ में बातें करते थे, और हम वहीं बैठ कर और एक दूसरे का हाथ पकड़ कर रोते; एक सच्चा मसीही।

457 एक दिन मैं वहाँ नीचे गया, बस विदेश से एक सभा में आया, मेरी कार की जाँच की थी, भाई रामसे ने कहा, "मैं आपके लिए क्या कर सकता हूँ, बिली? "

458 मैंने कहा, "उसकी जाँच करो, भाई रैमसे। तेल को बदलें।"

459 "ठीक है, " उसने कहा, "अच्छा, ठीक है।" कहा, "क्या आपकी सभा अच्छी हुई? "

460 मैंने कहा, "ओह, भाई रैमसे, यह बहुत ही अद्भुत थी।" मैंने कहा, "काश आप कभी मेरे साथ चल पाते। आप मेरे साथ क्यों नहीं आते? "

उसने कहा, "मैं अब और प्रभु की सेवा नहीं करता, बिली।"

मैंने यहं–वहां देखा, मैंने कहा, "आपने क्या कहा? "

461 उसने बस यूं ही कहा, "मैं अब और उसकी सेवा नहीं करता, " दूर चला गया।

462 मैंने सोचा, "ओह, वह ऐसे ही आगे जा रहा है।" मैं आगे चला गया, वो कहीं तो चला गया।

463 मैं वापस आकर और अपनी कार में बैठ गया। मैं घर पर आया, और मैं इसके बारे में सोचने लगा, "मैं अब और प्रभु की सेवा नहीं करता।"

464 प्रभु ने मेरे मन में इस बात को डाला कि मैं वापस जाऊं और उस से फिर पूंछु। तो मैंने कहा, "मेडा, जरा कोट को पकड़ना।"

465 और मैं अंदर जाकर, और अपनी कार में बैठ गया और वापस वहां चला गया, फिर से रुक गया, वोर्गांग में चला गया। मैंने कहा, "भाई रामसे, मैं आपसे एक प्रश्न पूछना चाहता हूँ।"

कहा, "ठीक है, बिली, क्या प्रश्न है? "

मैंने कहा, "आपने कुछ समय पहले कहा था, आप अब प्रभु की सेवा नहीं करते हैं। आप बस मुझसे मजाक कर रहे थे, क्या आप नहीं कर रहे थे? "

उसने कहा, "नहीं।"

मैंने कहा, "भाई रामसे, आपका—आपका मतलब ऐसा नहीं था।"

उसने कहा, “जी हां।”

मैंने कहा, “क्या आप उससे प्रेम नहीं करते? ”

उसने कहा, “यदि मैं उससे प्रेम करता, तो मैं उसकी सेवा करता, क्या मैं नहीं करता, बिली? ” दूर चला गया।

मैंने सोचा। “कहो, भाई रामसे!”

कहा, “मैं इसके बारे में और बात नहीं करना चाहता।”

466 मैं घर गया, कमरे के अंदर गया, दरवाजे को बंद किया। और, ओह, आप समझते हैं कि आप वास्तव में कितना भारी महसूस करते हैं, जैसे आपने मिठे बिस्किट को किसी बच्चे या किसी से छीन लिया हो, आप जानते हैं। मैंने—मैंने सोचा, “क्या? ऐसा नहीं हो सकता। निश्चित रूप से भाई रैमसे के साथ कुछ तो घटित हुआ है।”

467 और वहां एक छोटा अश्वेत लड़का था, जिसका नाम जिमी है, वह यहाँ कलीसिया में आता है। उसका एक पैर है, आप जानते है; वह एक तरह से लंगड़ा है। मैं उसका नाम भूल जाता हूं, वहां वोर्गांग में काम करता है, एक ध्वस्त करने के वाहन को चलाता है। वह मुझसे मिला, और उसने कहा, “आप जानते हैं, आदरणीय ब्रन्हम,” उसने कहा, “मैं यहाँ इस बारे में नहीं जानता जो डॉ. रैमसे यहाँ पर है।” उसने कहा, “मैंने एक दिन उनसे बताया, कहा, ‘हम सब यहाँ तक इधर–उधर मुंह खोलने से भी डर रहे थे।’ कहा, ‘आप एक धर्मी व्यक्ति थे।’ लेकिन,” कहा, “उसने अपने प्रचारक के लाइसेंस को लिया और टोकरी के पास गया और उसे फाड़ दिया, और इसे टोकरी में फेंक दिया, कहा, ‘मैं इसके साथ अब और कुछ लेना देना नहीं रखना चाहता।’”

उसने कहा, “हे महाशय!” कहा, “आपको ऐसा नहीं करना चाहिए।”

उसने कहा, “ओह, जिम, मैं प्रभु की सेवा करते आ रहा हूँ।”

सो वह आगे चला गया, कहा, “आपका यह मतलब नहीं है।”

468 और कहा, “फिर उसने मुझसे बताया, कहा कि वह मजदूर दिवस पर अपने कार के दरवाजे को छेद कराने के लिए वहां आ रहा है,” मैं सोचता हूँ है कि ऐसा ही था। “और उसने कहा, ‘अब, मैं चाहता हूँ कि तुम आकर, मेरी सहायता करो, जिम।’”

469 उसने कहा, “मैं कलीसिया से आने के बाद आपकी सहायता करूंगा, लेकिन पहले मैं कलीसिया जाऊंगा।”

470 कहकर वह वापस नीचे चला गया, “और श्रीमान रैमसे अपनी कार के दरवाज़े पर छेद करवा रहे थे। उसने कहा, ‘जिमी, नदी की ओर जाना। यहां शराबखाने बंद हैं। नदी की ओर जाकर और मेरे लिए बियर का एक डिब्बा ले आओ।’”

471 उसने कहा, “श्रीमान रैमसे, मैं बहुत सी बातों का दोषी रहा हूं, लेकिन मैं प्रभु के एक सेवक के लिए बियर का एक डिब्बा लेने का दोषी कभी भी नहीं बनूंगा।” उसने कहा, “नहीं महाशय। मैं कभी भी ऐसा नहीं करूंगा।”

472 और उसनें कहा, “खैर, जाओ। इसे ले आओ, जिम।”

473 उसने कहा, “श्रीमान रैमसे, मैं आपके कार के दरवाजे को छेद करूंगा। लेकिन यदि आपको कोई बीयर लेना है, तो आप ऐसा खुद से कर ले।” उसने कहा, “मैं कभी भी प्रभु के सेवक के ऐसी कोई भी चीज को नहीं लाऊंगा।”

474 तो रैमसे जिमी की कार में जा बैठ गया, वहां कार को नदी के पास लेकर गया; आधा भरकर, बीयर के एक बक्से के साथ वापस आया, इसे पीने लगा।

475 उसने.नीचे की ओर जाना आरंभ किया और बीमार हो गया। देखा? परमेश्वर उससे बात नहीं कर सकता। मैंने उसे चेतावनी दी, मैंने वो सब कुछ किया जो मैं कर सकता था। भाई स्मिथ उसके पास गए और उसे चेतावनी दी। सभी ने वह सब कुछ करने की कोशिश की जो वे उसके लिए कर सकते थे। फिर भी, उसने बस उसके सिर को हिलाया। क्या हुआ? वह बीमार हो गया, और मर गया। यह दिखाता है कि वह एक बचाया हुआ मनुष्य था। यदि परमेश्वर उसे नहीं... उसे आज्ञाकारिता में नहीं ला सकता, उसे धरती पर से उठाकर और उसे घर लाना होगा। ठीक ऐसा ही है जो बाईबल ने कहा। यही है जो बाईबल प्रतिज्ञा करती है। यदि आप सुधार नहीं करेंगे, तो आपको घर पर आना होगा।

476 इसलिए परमेश्वर आपको बचाने के बाद आपको खो नहीं सकता, लेकिन वो यहाँ आपके दिनों को कम कर सकता है, और आपके द्वारा किए गए हर एक पाप के लिए आपको भुगतान करने को लगाएगा। इसलिए, यदि

आप पाप करते हैं, तो आपने जो भी किया है उसके लिए आपको भुगतान करना होगा। बस इसे याद रखना।

477 अब, अब प्रभु आपके साथ रहे। आज रात मैं विश्वास करता हूँ, कि भाई रैमसे बचाया गया था। बिल्कुल, मैं इसे विश्वास करता हूँ। लेकिन वो बस परमेश्वर के प्रति आज्ञाकारी नहीं रहा, और जब उसने परमेश्वर की आज्ञा नहीं मानी, तो परमेश्वर को उसे घर लाना पड़ा। केवल यही वो बात है जिसे करना है, इसलिए, ये क्या था? "वह उस लहू के प्रति निन्दा और अपमान को लाता जिसके द्वारा वो पवित्र किया गया था।" यह सही है? "और वाचा को अपवित्र वस्तु समझते है," क्या यह बिल्कुल ठीक वैसा ही नहीं है जो इस इब्रानी पत्री में कहा गया है। समझे? ये उसके लिए असम्भव होगा कि नाश हो जाए, लेकिन वह लज्जा और अपमान को लायेगा, इसलिए परमेश्वर उसे धरती पर से उठाकर और घर ले जाता है। बिल्कुल ठीक इसी बात ने जगह ली थी।

अब होने पाए प्रभु आशीष दें, जब हम प्रार्थना के लिए बस कुछ क्षण के लिए अपने सिरो को झुकाते हैं।

478 अब, सबसे पवित्र और अनुग्रहकारी पिता, हम वास्तव में आपके उस प्रतिज्ञा के लिए आभारी हैं जो हमारे पास है, कि आप हमें कभी न छोड़ेगा और न कभी त्यागेगा। आपने प्रतिज्ञा की है कि आप सारे जीवन भर हमारे साथ रहेंगे, और मृत्यु में आप हमारे निकट होंगे। आपने हमसे प्रतिज्ञा की है कि हमारे पास अनंत जीवन है। आपने इसे हमें स्वतंत्र रूप से दिया। हम इसे कभी नहीं खो सकते। "जो कोई मेरे पास आता है, उसके पास अनन्त जीवन है।" और यदि यह अनन्त जीवन है, तो इसका कोई अंत नहीं है, और आपने हमें अंतिम दिन में जिला उठाने की प्रतिज्ञा की है। इसके लिए हम बहुत ही आभारी हैं। हम आभारी हैं कि आपका वचन हमें यही सिखाता है। यह हमें एक निश्चित आशा को देता है। यह हमें बताता है कि हमारा पिता प्रेम है। वह हमसे प्रेम करता है, और उसने हमें चुना है। आपने कहा, "तुमने मुझे नहीं चुना है, लेकिन मैंने तुम्हें चुना है और तुम्हें ठहराया है।" और मैं आपका धन्यवाद करता हूं, पिता, कि आपने ऐसा किया है। और बहुत से लोग आज रात यहां बैठे हुए हैं, और जिन्हें अनन्त जीवन के लिए ठहराया गया है, और यीशु मसीह को अपने व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में ग्रहण किया है। और आत्मा के फल उनके जीवन के पीछे–पीछे जाते हैं:

कोमलता, दीनता, नम्रता, प्रेम, आनंद, शांति, सहनशीलता, भलाई। हम उनके लिए आभारी हैं।

479 और हम प्रार्थना करते हैं, पिता, कि यदि आज रात यहाँ कोई है, जिनके पास वे फल उनके साथ–साथ नहीं हैं, लेकिन वे किसी काल्पनिक पर विश्राम कर रहे हैं, क्योंकि वे एक दिन उत्तेजित हुए, इसलिए वे भावुक हुये है, उन्होंने अच्छा महसुस किया, हो सकता है वे चिल्लाए हों, उन्होंने हो सकता है बहुत कुछ किया हो। लेकिन, पिता, यदि उनके पास आत्मा के फल नहीं है, जो उन्हें दिन–प्रतिदिन निरंतर प्रेम में बनाये रखता है, उनके शत्रुओं को क्षमा करते हुए, उनकी ग़लतियों को सुधारते हुए, और शान्तिपूर्ण और प्रेममय जीवन व्यतीत करते हुए, और एक दूसरे के प्रति मधुर और दयालु रहे, और कलीसिया के लिए जोश हो, मसीह और उसके बच्चों के लिए प्रेम, हे अनन्त परमेश्वर, उन्हें क्षमा कर। हालाँकि वे कलिसीया के सदस्य होंगे, सांसारिक देह के सदस्य होंगे, होने पाए कि वे अब जाकर उन शारीरिक, मरे हुए कार्यों को एक तरफ करे, और सिद्धता की ओर आगे बढें। इसे प्रदान करे, प्रभु। होने पाए वे उस एक सिद्ध के पास आएं और उनके पापों के प्रायश्चित के रूप में उसे ग्रहण करें, जिससे कि एक दोषी पुरुष और एक दोषी स्त्री के लिए एक सिद्ध बलिदान के रूप में वो खड़ा हो सके। और उन्हें उसके अनुग्रह के प्रेम और शांति के साथ प्रदान करें, जब तक वे परमेश्वर की उपस्थिति में नहीं आ जाते ताकि सदा के लिए जीये। इसे प्रदान करे, पिता।

जबकि हमने हमारे सिरो को झुकाया है:

480 यदि वहां कोई एक ऐसा है जो व्यवस्था के शारीरिक जीवन को अदला–बदली करना चाहेगा, बपतिस्मे का, संवेदनाओं या उत्तेजना का, इस तरह की छोटी–छोटी शारीरिक बातों का, सच्चे प्रेम से भरे सच्चे हृदय के साथ, जिससे कि—कि आप आपके सबसे कठोर शत्रु के पास चलकर जा सके, उसके चारों ओर बाहें डालकर कह सके, “भाई, मैं आपके लिए प्रार्थना करूंगा। मैं आपसे प्रेम करता हूँ।” यदि आप उस प्रेम के सच्चे अनुभव के लिए शारीरिक चीजों के उस अनुभव को बदलना चाहते हैं, तो क्या आप परमेश्वर की ओर अपने हाथ को उठाये, और कहे, “परमेश्वर, मुझे आज रात ले लीजिये, और मुझे वो बनाएं जो मुझे होना चाहिए”? मैं ठीक यहां

मंच से आपके लिए प्रार्थना करूंगा। क्या आप प्रार्थना को चाहते हैं? अपने हाथ को उठाए।

481 परमेश्वर आपको वहाँ पीछे आशीष दे, श्रीमान। परमेश्वर आपको आशीष दे, भाई। कोई और है? परमेश्वर आपको आशीष दे, श्रीमान। “मैं वर्षों से कलीसिया में रहा हूं।” परमेश्वर आपको आशीष दे, श्रीमान। परमेश्वर आपको आशीष दे, भाई। परमेश्वर आपको वहां पीछे आशीष दे, छोटी महिला। “मैं परमेश्वर से मांगूंगा कि मुझे शांतपूर्वक बनाये।” क्या आप... क्या आप सच में उग्र हो जाते हो? क्या आप क्रम से बाहर हैं? क्या आप संदेह करते है? क्या आप डावांडोल होते हैं? क्या आप सोचते है कि यह वास्तव में सही है या नहीं? जब आप मसीह के पास आते हैं, तो क्या आप पुरे आश्वासन के साथ आते है, प्रेम से भरे हृदय से? क्या आप बिना किसी डर के उसके पास जाते हैं, यह कहते हुए, “मैं जानता हूँ कि वो मेरा पिता हैं”?

482 और वहां कोई दोष नहीं है, आप मृत्यु से पार होकर जीवन में चले गए हैं। आप इसे जानते है। और आप अपने जीवन की ओर ध्यान देते है: आप प्रेम कर रहे हैं, आप क्षमा कर रहे हैं, आप कोमल हैं, आप शांतपूर्ण हैं, आप दीन हैं। आत्मा के ये सारे फल दिन प्रति दिन आपके जीवन के साथ दिखाई देते हैं। और जैसे ही आप कुछ गलत करते है, ओह, प्रभु, जैसे ही आपके मन में आता है कि आपने गलत किया है, आप इसे तुरंत ठीक कर ले, ठीक तभी। एक मिनट भी और प्रतीक्षा ना करे, जाकर, ठीक तभी जाए और इसे ठीक कर ले। यदि आप नहीं करते हैं, तो, आपके पास मसीह की आत्मा नहीं है। आप एक अच्छी महिला हो सकती हैं, आप एक अच्छे पुरुष हो सकते हैं, कलीसिया में आपके बारे में अच्छे विचार हो सकते है, आपके प्रति पड़ोस में अच्छे विचार हो सकते हैं, लेकिन क्या आप उस सिद्धता की ओर बढे हैं, उस स्थान पर जहाँ आप पूरी तरह से मसीह पर भरोसा कर रहे हैं? और इसके द्वारा, आपको मोहर करता है। “अब्राहम ने परमेश्वर पर विश्वास किया, और यह उसके निमित धर्मी गिना गया था। तब परमेश्वर उसे पुष्टि के नाई खतने की मोहर देता है।”

483 अब आप कहते हो, “मैं परमेश्वर पर विश्वास करता हूँ। मैंने एक अंगीकार को किया है।” लेकिन क्या परमेश्वर ने आपको पवित्र आत्मा की मोहर दी है, आपके जीवन पर, प्रेम की, आनन्द, आत्मा के फल, यह

साबित करने के लिए कि आप बचाए गए हैं? यदि उसने ऐसा नहीं किया है, तो उसने अभी तक आपके विश्वास के साथ पहचान नहीं दी है। आपने अब एक अंगीकार को किया है। उसने इसे स्वीकार नहीं किया है, वहां कुछ तो गलत है। तब क्या आप उसे ग्रहण करना चाहेंगे? हमारे प्रार्थना करने से पहले, यदि कोई और है तो अपना हाथ ऊपर उठाएं।

484 परमेश्वर आपको आशीष दे, नौजवान महिला। परमेश्वर आपको आशीष दे, वहाँ पर पीछे पर। परमेश्वर आपको आशीष दे। तो ठीक है। ठीक इससे पहले हम प्रार्थना करे कोई और है? अच्छी बात है। परमेश्वर आपको आशीष दे, वहाँ पीछे, बहन। परमेश्वर आपको आशीष दे, भाई। परमेश्वर आपको आशीष दे, भाई। परमेश्वर आपको आशीष दे, मेरे भाई। यह ठीक बात है। कोई दस, पन्द्रह हाथ ऊपर उठे हैं।

अब आइये प्रार्थना करे।

485 प्रभु धन्य है, वे अपने सीट पर एक वेदी का अनुभव कर रहे हैं। यह उनकी सीट पर है, जहां वे अभी बैठे हुए हैं, कि आपने उनके ह्रदय से बात की है, कि वे "गलत" है। उनकी सीटों पर ही आपने उनके ह्रदय में एक इच्छा को डाला है, कि वे "अधिक यीशु की तरह बनने के लिए लालसा रखते है।"

486 वे चाहते हैं कि उनका जीवन बदल जाए। वे दीन और नम्र बनना चाहते हैं। वे कोमल और धीरज से भरे रहना चाहते हैं। वे सहनशील, धैर्य रखने वाले होना चाहते हैं। वे इतने मसीही–जैसे, इतने मसीह–समान बनना चाहते हैं, इतना तक कि संसार कहेगा, जब वे सड़क पर जाते हैं, "वह मनुष्य वास्तव में मसीही है। वह महिला वास्तव में मसीही है। ओह, वे सबसे कोमल, सबसे दीन, सबसे मधुर लोग हैं!"

487 इसे प्रदान करें, प्रभु कि वे आज रात उस अनुभव को प्राप्त करें। और होने पाए कि वे कभी भी उनकी कलीसिया की योग्यता पर, उनके किसी भी कलीसिया के साथ् संबंध पर, किसी भी संप्रदाय पर विश्राम न करें; या न ही उनकी भावनाओं पर, किसी काल्पनिक पर, जैसे भावनात्मक रूप से, कुछ तो ऐसा जो हुआ हो; हो सकता है कि वे चिल्लाये हो, अन्य जुबान में बोलें हो, या कुछ और किया हो।

488 हे अनन्त परमेश्वर, वे उस बात पर स्वर्ग जाने के लिए भरोसा करने की कोशिश न करे, क्योंकि हमने इसे बहुत बार दयनीय तरह से असफल

होते देखा है। और आपने कहा कि यह विफल हो जाएगा, "चाहे अन्य जुबान हो, यह समाप्त हो जाएगा! जहां भविष्यवाणी हो, ये मिट जाएगी। जहां ज्ञान हो, यह मिट जाएगा। ओह, जहां ये सारी चीजें हो, यहां तक कि दान, चंगाई के अद्भुत कार्य हो, वे सब मिट जाएंगे। केवल वो दिव्य प्रेम बना रहेगा।"

489 परमेश्वर, उनके ह्रदय में इसकी सृष्टी करे, और वे जाने कि यह वो आत्मा है जो फलो को लाता है। इसे अभी करे, प्रभु, जब कि हम आप पर रुके हुए है, क्योंकि हम इसे यीशु के नाम से मांगते हैं। आमीन।

490 [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]... आग के गोले उड़ रहे है, और पिंडुक को इस ईमारत में से होते हुए, यहाँ से वहां जाते हुए देखना, मसीह को उसके हाथों में कांटों के साथ देखना, और उसके... ओह, क्या आप जानते हैं कि यह मसीह–विरोधी रूपरचना है? उसने कहा, "जब ये बातें पूरी होने लगे, तो ऊपर देखो, तुम्हारा छुटकारा निकट है।" फिर यही कारण है कि मैं हर मिनट कलीसिया को जोर देना चाहता हूं, और आपको मजबूत बनाना चाहता हूं। भाई नेविल हो सकता है हमेशा हमारे साथ ना हो। मेरा विश्वास है कि भाई नेविल एक अच्छे, ठोस सुसमाचार के शिक्षक हैं। हम नहीं जानते कि इस पुलपीट में हवा किस ओर रुख लेगी, और जब ये यहाँ आती है, "मेरी भेड़ें मेरी आवाज को जानती हैं।" उस वचन के साथ बने रहो। आप उस वचन को कभी मत छोड़ना। आप ठीक इसके साथ बने रहें। आप उस स्वतंत्रता में मजबूती से खड़े रहे जहां मसीह ने आपको आज़ाद किया है। उन सारे जुओ के बंधनों और इत्यादि में मत उलझो। मजबूती से खड़े रहो, और आजाद खड़े रहो। परमेश्वर आपको आशीष देगा। हमें संसार में डरने की कोई बात नहीं है।

491 आप हमेशा ही सोचते रहते हैं। मैंने लोगो को देखा है कि प्रार्थना करवाने आते हैं, वे पंक्ति दुबक कर चलेंगे। अगली बार जब वे चंगाई के अभियान देखेंगे, तो वे *इस* पंक्ति में जाएंगे, वे *इस* पंक्ति में जाएंगे। मैं उन्हें दोषी नहीं ठहराता। वे राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे गलत रास्ते पर जा रहे हैं। आप इसके विपरीत कर रहे हैं, जिसे परमेश्वर ने नहीं करने के लिए कहा है। समझे? जब आप हिम्मत के साथ अनुग्रह के सिंहासन की ओर बढ़ते हैं, और विश्वास करते हैं, कि, "आपने जो माँगा, आपको मिलेगा," इसके साथ बने रहे। इसी तरह से इसे किया गया है; ना ही बस मिशन से

मिशन तक धीरे धीरे दौड़ना, कलीसिया से कलीसिया तक, अभियान से अभियान तक।

492 क्यों, उन्होंने इन चंगाई के अभियानों को व्यर्थ इकट्ठा होने के जैसे बना दिया है। निश्चित रूप से, उन्होंने किया है। यह एक ऐसी जगह बन गई है जहां, बुद्धिमान लोग, वे यहाँ वहां देखते हैं और वे सोचने लगते है कि यह सब क्या है। वहाँ, परमेश्वर उन चीजों को नहीं चाहता हैं। चंगाई को अभियानों में नहीं होना चाहिए। चंगाई तो हर स्थानीय कलीसिया में होनी चाहिए, ये सारे दान काम करते हुए। लेकिन उन दानो पर बीज के लिए ना जाये। दान पर कोई ध्यान न दें। यदि परमेश्वर आपको किसी चीज के लिए इस्तेमाल करना चाहता हैं, तो वो इसे करेंगा। लेकिन, दान के देने वाले की ओर देखे।

493 मार्टिन लूथर के एक बार अन्य जुबानो में बोलने के बाद उससे पूछा गया कि उसने इसका प्रचार क्यों नहीं किया, उसने कहा, "यदि मैं ने इस पर प्रचार किया, तो मेरे लोग दान देनेवाले के बदले दान के पीछे जायेंगे।" यह सही बात है।

494 मूडी, एक बार बोलते हुए, और आरम्भ करता है, जब वह प्रेरणा के नीचे प्रचार कर रहां था, तो उसने जुबानो में बात की। उसने कहा, "परमेश्वर, मुझे मूर्खतापूर्ण शब्दों को बुदबुदाने के लिए क्षमा करें।" निश्चित रूप से। देखा? और उनके पास वो चीजें थीं। हम उन बातों पर विश्वास करते हैं, लेकिन उन्हें उनके स्थान पर रखा जाना चाहिए। और उन्हें अवश्य ही प्रमाण के नाई पक्का नहीं किया जाना चाहिए।

495 बाईबल में एक भी चीज़ नहीं बची है, जैसे "पवित्र आत्मा का प्रमाण," केवल आत्मा के फल। कोई ऐसे स्थान का पता लगाये जहां यीशु ने ऐसा कहा था। जी हां, श्रीमान। पवित्र आत्मा का प्रमाण आपकी आत्मा का फल है। यीशु ने ऐसा ही कहा, "उनके फल से तुम उन्हें जानोगे।" "और आत्मा का फल प्रेम, आनन्द, शान्ति, सहनशीलता, भलाई, शान्ति, कोमलता, दीनता है। और शत्रु का फल बैर, घृणा, द्वेष, कलह और इत्यादि है; यही शत्रु का फल है।" इसलिए, आप इस बात से जांच सकते हैं कि आप किस तरह से जी रहे हैं, जहाँ आप परमेश्वर के साथ खड़े हैं। यदि आपका सारा ह्रदय उसके प्रेम में है, और आप उससे प्रेम करते है और कोमल है, और उसके साथ प्रतिदिन जीते हो, आप जानते हैं कि आप मृत्यु से पार होकर

जीवन में प्रवेश कर चुके हैं। यदि ऐसा नहीं है, और आप दुसरे प्रकार से हैं, तो आप केवल एक मसीही होने का ढोंग कर रहे हैं। यह सही बात है। जो, सारा शारीरिक ढोंग करना निश्चित रूप से उजागर हो जाएगा। हम यह जानते हैं।

496 सो, उस तरह के जीवन को न जीएं, आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। आप एक विकल्प को क्यों स्वीकार करेंगे, जब कि ऊपर पूरा आसमान अच्छा और वास्तविकता से भरा है? निश्चित रूप से। मुझे परमेश्वर को लेने दो, यही है जो मैं चाहता हूँ। आमीन।

497 अब, क्या कोई प्रार्थना करवाने आया था? यदि आपने करवाई है, तो अपना हाथ उठाएं। आज सुबह हमारी चंगाई सभा थी। मुझे लगता है तब... यहाँ यह महिला? तो ठीक है, बहन, क्या तब आप आगे आयेंगी? और हमारे भाई, प्राचीन, अब अभिषेक के लिए आ जाए। [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]

> ... मुझ पर चमके;
> ओह, मुझ पर चमके, प्रभु, मुझ पर चमके,
> प्रकाश घर का उजियाला मुझ पर चमके।

498 क्या वो अद्भुत नहीं है? आइये हम अब सिरो को झुकाते हैं, अब बहुत ही धीरे से। और, *मुझ पर चमके,* फिर से। अब, अब आओ, हर एक जन, उस, "चमके... " अब अपने प्राण में उसकी आराधना करे, देखो, धीरे से गाते हुए। चंगाई सभा आ रही है। संदेश पूरा हुआ है। आइए आराधना करें।

> प्रकाशघर से उजियाला मुझ पर चमके;
> ओह, मुझ पर चमके, प्रभु, मुझ पर चमके।
> प्रकाशघर से उजियाला मुझ पर चमके।

> बस यीशु के समान तरह बनूं, यीशु के समान बनूं,
> (ओह!)
> धरती पर मैं उसके समान बनने की लालसा रखता हूँ;
> धरती से महिमा तक जीवन की यात्रा में से होते हुए,
> मैं केवल उसके समान होने के लिए मांगता हूं।

हम उजियाले में चलेंगे, क्या ही सुंदर उजियाला है,
वहां आये जहां दया की ओस की बूंदे चमकती है;
हमारे चारों ओर चमक रही है, दिन और रात,
यीशु, जो जगत का उजियाला है।

उजियाले के सारे संत घोषणा करते हैं,
यीशु, जगत का उजियाला है,
तब स्वर्ग की घंटियाँ बज उठेगी,
यीशु, उजियाला...

हमें स्वीकार करें, प्रभु, जैसे हम आपकी आराधना करते हैं।

हम उजियाले में चलेंगे, सुंदर उजियाला,
वहां आये जहां दया की ओस की बूंदे चमकती है;
दिन और रात हमारे चारों ओर चमकती है,
यीशु जगत का उजियाला है।

499 क्या आप बस उस साफ़ करके निकालने को पसंद नहीं करते? क्या अच्छा महसूस करते है? अपने हाथ को उठाकर, बताये। उन पुराने समय के गीतों के बारे में कुछ तो है, पुराने समय के स्तुती गान, मैं इन सभी नए सांसारिक गीतों और मसीही कलीसियाओ में डालने के बजाय बल्कि उन्हें लेना पसंद करूंगा। मैं यह पुराने समय को पसंद करता हूँ, मुझे पसंद है।

यीशु, मुझे क्रूस के पास रखना, (प्रभु!)
वहां एक बहुमूल्य झरना है,
सभी के लिए बिना दाम, एक चंगाई की धारा,
कलवरी झरने से बहती है।

उस क्रूस पर, उस क्रूस पर,
ओह, मेरी महिमा सदा बनी रहे;
जब तक मेरा रेपचर हुआ प्राण ना पा ले
नदी के उस ओर विश्राम को।

500 मैं बहुत आसानी से दुनिया से बाहर जा सकता हूँ जब इसे गाया जा रहा हो, क्या आप नहीं निकल सकते? कितना अद्भुत! क्या यह सब चुकता हो गया है? आप जानते है, मैं खुश हूँ कि मैंने यह सब चुकता कर दिया, क्या आप नहीं है? बहुत पहले पुराना हिसाब–किताब सब चुकता हो गया है। मैंने उससे कहा, “परमेश्वर, मैं वहां नदी पर कोई परेशानी को नहीं

चाहता। मैं—मैं अब सुनिश्चित होना चाहता हूं।" मैं उसे जानना चाहता हूँ। मैं उसे जानना चाहता हूँ।

501 हम में से हर एक के सामने एक बड़ा, गहरा गड्ढा है। हम उस ओर बढ़ रहे हैं। हर बार जब हमारा ह्रदय धड़कता है, हम नजदीक और नजदीक जा रहे हैं। लेकिन जब मैं वहाँ पहुँचता हूँ, तो मैं डरपोक की तरह छटपटाना नहीं चाहता, मैं अपने आप को उसकी धार्मिकता के वस्त्र में लपेटना चाहता हूँ, इसमें प्रवेश करूं, यह जानते हुए, कि, "मैं उसे उसके पुनरुत्थान की सामर्थ में जानता हूँ।" कि, जब वह पुकारेगा, तो मैं मरे हुओं में से बाहर निकल आऊँगा।

मेरा...

502 *मेरा विश्वास तेरी ओर देखता है,* आइये हम इसे अब गाये।

मेरा विश्वास तेरी ओर देखता है,
तूझ कलवरी के मेमने को,
हे दिव्य उद्धारकर्ता;
अब मेरी सुने, जब मैं प्रार्थना करता हूं,
मेरे सारे पापों को दूर कर दे,
ना ही मुझे कभी भटकने देना
तेरे किनारे से।

503 अब, महान शिक्षक, जैसा कि आपने हमें अपने सबसे अद्भुत वचन में सिखाया है, हमारा ह्रदय बस व्याकुल है, रेपचर के अनुग्रह के साथ, यह जानकर कि हम मृत्यु से जीवन में पार कर चुके हैं। यह सब हमारे प्रभु यीशु की भलाई में से होते हुए हुआ है, जिस ने हमें बुलाया, और अपने लहू में हमें धोया है, और हमें बिना गलती के, निर्दोष, परमेश्वर के सिंहासन के सामने उपस्थित किया है, क्योंकि उसने हमारे पापों को ले लिया। हमारा कोई पाप नहीं है। "परमेश्वर ने हम सब के अधर्म को उस पर डाल दिया, और वह हमारे अपराधों के लिए घायल हो गया।" ओह, हम उससे कितना प्रेम करते है, वो परमेश्वर का महान मेमना!

504 और हम प्रार्थना करते हैं, पिता, कि आप हमें उच्चारण, वचन को दें, जिससे कि हम दूसरों को बता सकें, कि वे भी उसे जान सके, और उससे प्रेम करें, क्योंकि वह उन से प्रेम रखता है। हमें यह अनुग्रह देना।

और धन्यवाद, पिता, उन नवजात शिशुओं के लिए जो अभी–अभी परमेश्वर के राज्य में आए हैं। होने पाए वे कहीं तो एक अच्छी कलीसिया भवन को पाए, और जब तक मृत्यु उन्हें इस पुराने शरीर के दर्द और पीड़ा से मुक्त नहीं कर देती, तब तक आपकी सेवा करते रहे, और उन्हें आने वाले युग में, अनन्त जीवन के साथ, बिना गलती के, दोषरहित, उसके सामने उपस्थित करें। क्योंकि हम इसे उसके नाम में मांगते है। आमीन।

इब्रानियों, अध्याय छह *2* HIN57-0908E

(Hebrews, Chapter Six [2])

इब्रानियों श्रृंखला की किताब

यह सन्देश हमारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार शाम, 8 सितंबर, 1957, को ब्रन्हम टेबरनेकल, जेफरसनविले, इंडियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका, में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2022 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org